# गांवों में रोज जम रही जुआं की फड़, कार्यवाही से कतरा रही पुलिस

## उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ से पहुंच रहे अमीरजादे जुआरी, बदल देते हैं रोज ठिकाना

**सिंगरौली।** कोतवाली क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी जुआ के खेल में रोजाना लाखों की जीत-हार का दांव लगने से पुलिस महकमें के अफसरों की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहा है। जगह बदल-बदल कर जुआ खिलाने वाले आपराधिक प्रवृत्ति का गिरोह पुलिस के नाम से प्रत्येक दांव में हिस्सा निकालता है। जुआ के अवैध कारोबार में पुलिसिया संरक्षण के आरोप लग रहे हैं। शाम ढलते ही जुआ के फड़ों पर जुआरियों का जमावड़ा लग जाता है। सूत्रों की माने तो कोतवाली क्षेत्र के शहरी क्षेत्र सहित उर्ती गांव में हर रोज जुआं की फड़ जम रही है। उत्तर प्रदेश व छत्तीसगढ़ सहित स्थानीय जुआरी लाखों का दांव लगा रहे हैं। कोई हार रहा है तो कोई मालामाल हो रहा है। इसके बावजूद थाना क्षेत्र की पुलिस चुप्पी साधे बैठी हुई है। दरअसल उर्ती गांव यूपी व छत्तीसगढ़ से



लगा हुआ है। इसके चलते पड़ोसी राज्यों के जुआरियों का आना और जुआ खेलकर वापस लौट जाना काफी आसान होता है। पुलिस की चुप्पी ने जुआरियों और वहां उन्हें शह देने वालों का मनोबल बढ़ गया है। यहां जुआ का खेल बहुत ही आसानी से चल रहा है। पुलिस के सरंक्षण में वहां यह कारोबार खूब फल फूल रहा है। भले ही पुलिस जुआं फड़ पर कार्रवाई का दावा करती है लेकिन हकीकत यह है कि पुलिस जुआरियों पर कार्रवाई करने में असफल है।

### बड़े जुआरियों को छोड़ देती है पुलिस

जुआ गिरोह में करीब आधा दर्जन लोग शामिल हैं। यहां अमीर जादे अपना गांव आजमाने आते हैं। सूत्रों की मानें तो पुलिस बड़े जुआरियों के फड़ पर छापा नहीं मारती या यूं कहें कि उन्हें छूट दे रखी है। वहीं छोटे जुआ फड़ पर दबिश देकर वाहवाही लूटती है। सच्चाई का पता तो उर्ती गांव में पहुंचने के बाद चलता है। पुलिस की मिलीभगत से यहां चौबीस घंटे जुआरियों का जमघट देखने को मिल जाएगा।

### जंगल में रोज बदलते हैं ठिकाना

सूत्रों की माने तो गांव में जुआं की फड़ वहां के घनघोर जंगल में जमती है। सुरक्षा के लिहाज से हर रोज स्थान बदल दिया जाता है। हालांकि पुलिस की नजर से अवैध काम करना मौत को दावत देने जैसा होता है। मैनेज के बाद भी जुआं का खेल कराने वाले स्थानीय माफिया रास्ते में अपने गुर्गों को भी तैनात रखते हैं। ताकि कोई खेल में खलल डालने वहां जाए तो उसकी भनक वहां उन्हें पहले ही लग जाए।

## प्रभारी मंत्री सम्पतिया उइके का सिंगरौली आगमन आज

**सिंगरौली।** जिले के प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके मंत्री मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग का सिंगरौली जिले में आगमन आज रात्रि 11:30 बजे होगा। प्रभारी मंत्री 9 दिसम्बर को शायं 5 बजे मण्डला जिले से कार द्वारा प्रस्थान कर रात्रि 11:30 बजे निगरी पहुचेंगी। प्रभारी मंत्री रात्रि विश्राम निगरी गेस्ट हाउस में करेगी। प्रभारी मंत्री 10 दिसम्बर को प्रात: 8 बजे निगरी थर्मल पावर प्रोजेक्ट का निरीक्षण एवं जेपी ग्रुप के साथ निगरी गेस्ट हाउस में बैठक लेगी। प्रात: 9:15 बजे निगरी से सिंगरौली के लिए प्रस्थान, 12:45 बजे सूर्याभवन गेस्ट हाउस आगमन। प्रभारी मंत्री दोपहर 1 बजे सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल बिलौजी बैढ़न में छात्र छात्राओ से मुलाकात एवं चर्चा करेंगी प्रभारी मंत्री दोपहर 1:35 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिलाधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करेंगी। शांय 4 बजे से 5 बजे के बीच विभिन्न कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकापर्ण करेंगी। शायं 5 बजे आरंक्षित सूर्या भवन। प्रभारी मंत्री 11 दिसम्बर को प्रात: 9 बजे कार्यकर्ताओ से भेट एवं चर्चा करेगी स्थान सूर्या भवन एनटीपीसी। प्रात: 11 बजे अजाक्स कैरियर काउसलिंग केन्द्र बैढ़न में छात्रो को संबोधन एंव भवन का लोकापर्ण करेंगी।

# झोपड़ी में सो रहे दो मासूम सगे भाई-बहन जलकर खाक

### मोरवा थाने क्षेत्र के ग्राम बड़गड़ में पियरा खलिहान सहित झोपड़ी में अचानक भड़की आग से हुआ हादसा



**सिंगरौली।** सोमवार को मोरवा थाना क्षेत्रांगर्त ग्राम बड़गड़ में पियरा के खलिहान एवं उसके समीप की झोपड़ी में दोपहर करीब 1 बजे अचानक आग भड़कने से झोपड़ी में सो रहे 10 माह की मासुम बच्ची एवं 3 वर्षीय मासुम दोनो सगे भाई- बहन जलकर खाक हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में जूट गये लेकिन तब तक दोनो मासूम सगे भाई-बहनो की मौत हो गई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दौली पुत्री सिपाहीलाल सिंह गोड़ उम्र 10 माह, बाबूलाल पिता सिपाहीलाल सिंह गोड़ उम्र 03 वर्ष निवासी ग्राम बड़गड़ खलिहान में रखी पियरा एवं बनाए झोपड़ी में आग लगने से झोपड़ी में सो रहे बच्चे की आग कि चपेट में आने से दोनों की मौके पर मृत्यु हो गई। दिन में करीबन 1 बजे सिपाहीलाल सिंह गोड के खलिहान में आग लगते देख लोग हल्ला गोहार करते खलिहान के पास पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास में लग गए तब तक पता चला की सिपाही लाल के लड़का बाबूलाल एवं बेटी दौली झोपड़ी में ही सो रही है। तब किसी तरह आग बुझाने का प्रयास करते रहे तब तक दोनो बच्चे पूरी तरह जल चुके थे जिनकी मृत्यु हो गई थी। तथा खहिलान में रखा कोदौ, धान व सामा का पियरा भी जलकर नष्ट हो गया है। मौके पर मोरवा पुलिस पहुंचकर मर्ग कायम कर धारा 194 बीएनएसस कायम कार जॉच पंचनामा तैयार मामले की विवेचना की जा रही है। बताया गया है कि मृतक के परिजन को अंत्योष्टि के लिए 10 हजार रुपये आर्थिक सहायता के रूप् में तत्काल दिया गया। वही 4-4 लाख मृतक के पिता के एकाउंट में जाएगा। फिलहाल आग कैसे लगी इस बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं लग पाई। मोरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़गड़ में हृदय विदारक घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर अपर कलेक्टर सिंगरौली पीके सेन गुप्ता, एसडीएम चितरंगी सुरेश जादव, तहसीलदार दुधमनिया दीपेंद्र तिवारी मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी सरपंच बगैया दरोगा सिंह सरपंच बड़गड़ समयलाल सिंह राजस्व टीम पहुंच गई, जिन्होंने परिजनों को ढाढस बांधते हुए उन्हें सहायता राशि प्रदान की, वही भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुर्नवृत्ति नहीं हो इस बारे में गहन चर्चा भी की।

# आश्रय स्थल मे रूकने वाले प्रत्येक नागरिक की सुविधाओं का रखा जा रहा ख्याल



**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली के सिटी मिशन मैनेजर कृष्णा पटेल ने बताया कि बैढ़न बस स्टैंड स्थित आश्रय स्थल मे ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुये आने वाले नागरिको के लिए सभी उचित प्रबंध किये गये है। उन्होंने बताया कि बैंढन आश्रय स्थल में ठहरने वालो के लिए 2 कक्ष है जिसमें 1 कक्ष महिला एवं 1 कक्ष पुरुष के लिए प्रत्येक कक्ष में 15-15 लोगो के ठहरने की व्यवस्था है। रैन बसेरा में प्रतिदिन महिला एवं पुरुष रुकते है। उन्होंने बताया कि धूल एवं प्रदूषण के कारण जब आश्रय स्थल में ठहरने वाले हितग्राही नहीं होते है तब तख्त से कपड़े हटा कर स्टोर रूम में रख दिए जाते है जैसे ही हितग्राही ठहरने आते है तब आवश्यकता अनुसार उनको सामग्री उपलब्ध करा दी जाती है साथ ही आश्रय स्थल में कार्यरत केयर टेकरो द्वारा प्रतिदिन रात्रि के 9-10 बज के बीच रैंन बसेरा के आस पास स्थानों में सोने ठहरने वाले हितग्राहियों को आश्रय स्थल की जानकारी देकर उनको प्रेरित् कर आश्रय स्थल में ठहराने का भी कार्य किया जाता है।मिशन मैनेजर श्री पटेल ने बताया कि इसके साथ ही आश्रय स्थल में ठहरने वालो के लिए गर्म पानी की भी व्यवस्था की गई एवं उनके मनोरंज के लिए आश्रय स्थल में टीव्ही भी लगाया है। उन्होने बताया कि पिछले एक हप्ते में अब तक 80 लोगो ने अश्रय स्थल का लाभ उठाया है।उन्होंने बताया कि आश्रय स्थल में रूकने वाले प्रत्येक नगारिक को शासन के मंशानुसार सभी सुविधाएं उपलंब्ध कराई गई है।

## कांग्रेस पार्षद शत्रुहन लाल शाह भाजपा में हुये शामिल

**सिंगरौली।** वार्ड क्रमांक 20 जैतपुर से कांग्रेस के टिकट पर बने पार्षद शत्रुहन लाल शाह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। कांग्रेसी पार्षद ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय में जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता के हाथों भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, सीड़ा अध्यक्ष दिलीप शाह एवं निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कांग्रेस की वैमनस्य पूर्ण राजनीति से आजिज होकर शत्रुहन लाल ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। शत्रुहन लाल ने बताया कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सुचिता पूर्ण राजनीति से प्रेरित होकर तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी को चुना है और उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में रहकर मैं अपने राजनैतिक एवं सांगठनिक दायित्वों का निर्वहन करुंगा तथा एक पार्षद होने ने नाते अपने वार्ड के विकास के लिए नये अध्याय स्थापित करूंगा।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह महत्वपूर्ण योजना के साथ पुण्य का कार्य : विश्वामित्र

**सिंगरौली**

मुख्यमंत्री कन्या विवाह /निकाह योजना एक अत्यंत महत्वपूर्ण योजना है। इस योजना के माध्यम से पति पत्नी के रूप में दाम्पत्य जीवन का बंधन होने से पुण्य का कार्य भी है। उक्त आशय के विचार विश्वामित्र पाठक ने मंगल भवन देवसर मे आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर व्यक्त किए। जनपद पंचायत देवसर के मंगल भवन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 45 विवाह एवं 2 निकाह संपन्न हुए। नव दंपत्तियों को मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा पुष्प वर्षा कर शुभाशीष देकर उनके



सफल दाम्पत्य जीवन की मंगल कामनाएं की गई। कार्यक्रम में संजीव तिवारी सीईओ ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक ने मुख्य मंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना सहित प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने भव्य आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज यह योजना प्रदेश के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री मां.शिवराज सिंह जी ने म. प्र. में प्रारंभ की थी आज यह योजना देश के अधिकांश प्रदेशों में चल रही है। पिछले 10 वर्षों में विधान सभा सिहावल में इस महत्वपूर्ण योजना के साथ ही अनेक जनकल्याण कारी योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से नहीं हुआ जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला अब योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ मिलेगा। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने अनेक जन जनकल्याण कारी योजनाएं संचालित की हैं आप लोग योजनाओं की अच्छे से जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ लेने आगे आएं । कार्यक्रम में मुख्य रूप से एस पी सिंह अध्यक्ष अधिवक्ता संघ, संतराम बैंस वरिष्ठ अधिवक्ता अरुण चतुर्वेदी सहायक यंत्री , जनपद सदस्य गण, सरपंच गण, जनपद के अधिकारी कर्मचारी, ग्राम पंचायत के सचिव, हितग्राही बंधु, तथा गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# वीडियो वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** जिले के कोतवाली पुलिस में एक महिला का अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है।पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा महिला अपराधों के अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन, न.पु.अ. पी. एस. परस्ते के नेतृत्व मे थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अशोक सिंह परिहार को थाना बैढ़न के अप.क्र 1603/24 धारा



78 बीएनएस, 66ई आईटी एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। जानकारी अनुसार दिनांक रविवार को पीड़िता द्वारा आरोपी रविकांत सोनी के विरूद्ध फेसबुक के माध्यम से पहचान होने पर वीडियो कालिंग के दौरान आरोपी द्वारा उसकी फोटो व वीडियो की स्क्रीन रिकार्डिंग कर एडिट कर अश्लील फोटो व वीडियो इंस्टाग्राम पर भेजने एवं शादी नही करने पर अश्लील फोटो व वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई जिसकी रिपोर्ट पर थाना बैढ़न में अप.क्र. 1603/24 धारा 78 बीएनएस एवं 66ई आईटी एक्ट कायम किया जाकर आरोपी की पता तलाश की गई जो आरोपी रविकांत सोनी पिता केवलचंद्र सोनी उम्र 28 वर्ष निवासी सरई थाना सरई जिला (म.प्र.) दिनांक 09.12.24 को दस्तयाब हुआ। विवेचना के अनुक्रम में विधि अनुसार कार्यवाही करते हुए आरोपी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया जाकर न्यायालय पेश किया गया है।

## एनटीपीसी-विंध्याचल सुहासिनी शिशु मंदिर के छात्रों को किया स्वेटर का वितरण

**सिंगरौली।** एनटीपीसी - विंध्याचल सीएसआर द्वारा नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत परियोजना के आस-पास के विकास मे अपने दायित्व का निर्वहन करते रहते है । इसी कड़ी मे एनटीपीसी विंध्याचल ने अपने कॉर्पोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी पहलों के तहत एक दिल छूने वाली पहल की। प्रगति संस्था के सहयोग से, एनटीपीसी विंध्याचल ने गहिलगढ़ स्थित सुहासिनी शिशु मंदिर स्कूल के छात्रों को स्वेटर वितरित किए।

# सरई की एम्बुलेंस कई महीनो से खराब, ऑटो से अस्पताल पहुंच रहे मरीज

**सिंगरौली।** दुर्घटनाग्रस्त अथवा गंभीर मरीजों दुर्घटनाग्रस्त को त्वरित गति से अस्पताल पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित सरई क्षेत्र की एम्बुलेंस 108 सेवा खुद बीमार पड़ चुकी है। 108 जो सरई थाने में कई महीनो से खड़ी हैं। एंबुलेंस सेवा की बदहाली के चलते गंभीर मरीज व दुर्घटनाग्रस्त लोगों को लाभ और सुविधा नहीं मिल पा रही है। 108 एंबुलेंस सेवा के पीछे मरीजों को कम से कम समय में अस्पताल पहुंचाने का उद्देश्य है



लेकिन मरीजों को तत्काल एंबुलेंस की सेवा नहीं मिल पा रही है। 108 नंबर पर डायल करने के बाद बताया जाता है सभी एंबुलेंस व्यस्त है या कभी-कभी तो फोन भी नहीं लगता है, जिससे लोगों ने नाराजगी जताई। सिंगरौली जिले की सरई नगर परिषद् और ग्रामीण अंचलों के अस्पताल में मरीज का उपचार सही तरीके से नही हो प रहा है।मरीजों के लिए शुरू की गई 108 एम्बुलेंस सेवा का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जिसके कारण ग्रामीण मरीजों और परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नियामानुसार अधिक उपयोग होने के बाद दूसरा वाहन सेवा के लिए उपलब्ध कराना था। यहां वाहन का रखरखाव भी नहीं किया जाता है। इसके बावजूद चिकित्सा हेल्थ केयर एजेंसी द्वारा सरकार से प्रति महीना करोड़ों रुपए ले रही है।

# कमिश्नर कलेक्टर पहुंचे छात्रावास, छात्रों को दिए जाने वाले भोजन को स्वयं खाया

**सिंगरौली।** जिले के प्रवास पर आए हुए संभागीय कमिश्नर बीएस जामोद एवं चंद्रशेखर शुक्ला द्वारा आकस्मिक रूप से जनजातीय महाविद्यालय बालक छात्रावास बैढ़न पहुंच कर छात्रों से हुए रूबरू तथा बच्चों को दिए जाने वाले भोजन को स्वयं खाकर भोजन की गुणवत्ता की परख। कमिश्नर श्री जामोद ने छात्रों से उनके नाम तथा अध्यनरथ कक्षाओं की ली जानकारी साथ ही बच्चों के शयन कक्ष में पहुंच कर उनको प्रदाय किए गए बिस्तर सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कमिश्नर ने छात्रावास के टॉयलेट एवं बाथरूम आदि का भी किए अवलोकन। साफ सफाई की



उचित व्यवस्था न होने पर की नाराजगी व्यक्त की । अधीक्षक को कड़े निर्देश दिए कहा कि सफाई की उत्तम व्यवस्था के साथ साथ सभी कमरों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था रखे ताकि बच्चे अच्छे से अध्यन कर पाए।बच्चों को पढ़ने का सिखाया गुण कहा की बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ साथ कंप्यूटर का ज्ञान सिखाए । उन्होंने बच्चों को खेल के लिए किया जागरूकत तथा छात्रावास में खेल सामग्री भी उपलब्ध करवाने का दिए निर्देश । वही जूनियर छात्रावास में भी पहुंच कर बच्चों को दिए जाने वाले भोजन का किया निरीक्षण तथा कक्षा 7वीं में अध्यनरथ छात्रों से 17 का पढ़ाया पहाड़ा । बच्चों की पुस्तकों एवं कॉपियों का किया अवलोकन । साथ ही सभी कमरों में ट्यूब लाइट लगाने का दिए निर्देश। कमिश्नर ने मौके पर उपस्थित छात्रावास अधीक्षकों को निर्देश दिए कि छात्रावासों में समुचित व्यवस्था उपलब्ध करवाए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर माईकल तिर्की, डीपीओ राजेश राम गुप्ता आदि अधिकारी उपस्थित रहे ।

## एनटीपीसी विंध्याचल एवं प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शन के मध्य

# महिला किसानों को सशक्त बनाने हेतु संयुक्त रूप से समझौता ज्ञापन किया गया हस्ताक्षर

**सिंगरौली**

एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर एवं प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शनके मध्य सिंगरौली में महिला किसानों को सशक्त बनाने हेतु संयुक्त रूप से समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया, जिसका उद्देश्य सिंगरौली जिला मध्य प्रदेश में महिला किसानों की आजीविका को बढ़ावा देना है। इस साझेदारी में 4.05 करोड़ का निवेश किया जाएगा, जिसका उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं के आय स्तर को बढ़ाना और सतत विकास को बढ़ावा देना है।यह समझौता एनटीपीसी विंध्याचल



की अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी और प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शन के इंटीग्रेटर सहेब भट्टाचार्य के बीच साइन किया गया, जिसमें दोनों संगठनों के प्रमुख प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख (एनटीपीसी विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) प्रणव वर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक (सीएसआर एवं आरएंडआर) महताब आलम और कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल भी मौजूद रहे। साथ ही प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शन के प्रतिनिधिमंडल में संतोष कुमार, टीम को-ऑर्डिनेटर (सिंगरौली) और सौरव कुमार सागर, जिला प्रतिनिधि शामिल रहे।यह साझेदारी एनटीपीसी विंध्याचल के स्थानीय समुदायों विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने और सतत आजीविका कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के प्रति इसके समर्पण को दर्शाती है। प्रोफेशनल असिस्टेंस फॉर डेवलपमेंट एक्शन के ग्रामीण विकास में विशेषज्ञता का लाभ उठाकर, इस पहल का उद्देश्य महिला किसानों को उन कौशल, संसाधनों और अवसरों से लैस करना है, जो उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद करेंगे।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्रीमती मृणालिनी ने एनटीपीसी के सामाजिक बदलाव में योगदान को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा इस पहल के माध्यम से हम सिंगरौली की महिलाओं और उनके परिवारों के लिए विकास और समृद्धि की एक लहर उत्पन्न करने की कल्पना करते हैं।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : सीईओ

**सीधी।** समय-सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने कहा कि प्रदेश में 11 दिसम्बर 2024 से 26 जनवरी 2025 तक मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान तथा 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर 2024 तक जन कल्याण पर्व मनाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की सभी हितग्राहीमूलक योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। अभियान 11 दिसम्बर से गीता जयंती से आरंभ होगा। इसका समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस को होगा। अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकाय के प्रत्येक वार्ड में शिविर लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में भी यदि हितग्राही लाभ पाने से वंचित रह गए तो उन्हें 26 जनवरी को लाभान्वित किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने अभियान का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



## समय सीमा बैठक सम्पन्न

सीईओ जिला पंचायत ने उपखण्ड अधिकारी राजस्व तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को व्यापक कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान सभी वार्डों तथा ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। चेकलिस्ट अनुसार प्रत्येक घर का सर्वे कर छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जावेगा। प्रत्येक परिवार के लिए जनकल्याण कार्ड बनाया जाएगा जिसमें उन्हें किन योजनाओं का लाभ मिल रहा है, प्रदर्शित किया जावेगा। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित करते हुए फ्लेक्स बनाने तथा शिविर स्थल पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस अभियान के दौरान राजस्व महाअभियान, धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान तथा टीबी मुक्त भारत अभियान का भी प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने निर्देशित किया है कि सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की नियमित समीक्षा कर संतुष्टि पूर्वक निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों के निराकरण के लिए विभागीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें तथा निगरानी तंत्र को व्यवस्थित करें। जिन विभाग प्रमुखों की परफॉर्मेंस डी ग्रेड में है विभाग प्रमुख शिकायतों को स्वयं विशेष रूप से देखकर समय सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण दर्ज कराए। विकासखंड स्तर पर एसडीएम सीईओ जनपद तथा संबंधित विभागों के साथ बैठक करके शिकायतों का निराकरण कराना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को गंभीरता से लें और समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण दर्ज करे। समाधान ऑनलाइन में चयनित विषयों तथा 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों को प्राथमिकता पर निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं।

सीईओ जिला पंचायत ने खरीफ उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। सर्वेयर को आवश्यक प्रशिक्षण तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों से निश्चय मात्रा में खरीदी की जाए। प्रत्येक वारदाने में निश्चित मात्रा की ही तौल की जाए। उन्होंने खाद वितरण की स्थिति पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में उपखण्ड अधिकारी सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## माखनलाल मिश्रा ने बच्चो को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की पहल पर जेंडर आधारित हिंसा की रोक थाम के लिए जागरूकता अभियान हम होगे कामयाब पखवाड़ा के तहत 7 दिसंबर दिन शुक्रवार को पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सीधी में माननीय कलेक्टर महोदय के निर्देशन में एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी आर.सी.एच. त्रिपाठी एवं सहायक संचालक अवधेश सिंह के मार्गदर्शन में महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जूडो कराटे ट्रेनर ब्लैक बेल्ट 4 डन कराते सचिव माखनलाल मिश्रा द्वारा आत्मरक्षा प्रशिक्षण की स्टेप बच्चों को सिखाया गया साथ साथ कई विषयों पर विस्तृत रूप से चर्चा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्या डॉ अंशू त्यागी, परियोजना अधिकारी सीधी 1 आशा तिवारी, प्रशासक मंजुला तिग्गा, पर्यवेक्षक, सुरक्षा गार्ड, दिनकर तिवारी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राये उपस्थित रहीं।

## खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर 41 वाहनों के विरुद्ध संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही



**सीधी।** खनिज अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने निर्देशानुसार सम्पूर्ण सीधी जिलान्तर्गत राजस्व, पुलिस एवं खनिज अमले के द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के जांच हेतु दिनांक 07.09.2024 से 09.12.2024 के मध्य संयुक्त मुहिम चला कर कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान सिंगरौली जिले की रेत खदानों से 26 वाहन, हरचोखा (छ.ग.) में स्थित रेत खदान से 03 वाहन, जिला शहडोल में स्थित रेत खदानों से 10 वाहन तथा खनिज बॉक्साइट का एक वाहन तथा गिट्टी खनिज का एक वाहन अभिवहन पारपत्र में अनुमत्त मात्रा से अधिक खनिज का परिवहन करते हुए पाये जाने पर साथ ही एक ट्रैक्टर व एक हाइवा द्वारा क्रमशः रेत व गिट्टी का बिना अभिवहन पारपत्र प्राप्त किए परिवहन करते पाये जाने पर म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के तहत जब्त किया जाकर विभिन्न नजदीकी थाना/चौकियों मे सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। जप्त वाहनों के विरूद्ध प्रकरण खनिज नियम के तहत पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही हेतु कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## रेत के अवैध परिवहन पर 10 वाहनों पर की गई कार्यवाही



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार उपखण्ड अधिकारी मझौली आरपी त्रिपाठी के निर्देशन में दिनांक 08.12.2024 को तहसील मड़वास अंतर्गत टिकरी सीधी मुख्य मार्ग पर आकस्मिक जांच के दौरान मात्रा से अधिक/बगैर टी.पी. के रेत परिवहन करते हुये 10 वाहन पकड़े गए। 9 वाहनों में रेत टी.पी. में अंकित मात्रा से अधिक रेत का परिवहन एवं 01 बगैर टी.पी. के रेत का परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। वाहनों का मौके से स्थल पंचनामा, अभिग्रहण पत्रक एवं सुपुर्दगीनामा तैयार किया जाकर पुलिस सहायता केन्द्र टिकरी की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के साथ की गई बैठक

**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में वर्ष 2024 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की अंतिम एवं चौथी नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 14 दिसंबर 2024 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 14 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु दिनांक 09.12.2024 दिन सोमवार को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मागदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री वीरेन्द्र जोशी द्वारा समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्री जोशी ने कहा कि अधिवक्ताओं के सहयोग के बिना न्यायदान की प्रक्रिया अधूरी है। उक्त बैठक में श्री मुकेश कुमार प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ श्री बृजेन्द्र सिंह, श्री राजेश श्रीवास्तव प्रथम जिला न्यायाधीश, श्री गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, श्री सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड



डिफेंस काउंसिल, श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह पैनल अधिवक्तागण श्री अरविंद शुक्ला, श्री रामभजन गुप्ता, श्री परमसुख शुला, श्री प्रमोद पाण्डेय, श्रीमती सुजाता मिश्रा, श्री फूलचंद गुप्ता, श्री सतीश कुमार उर्मलिया, श्री अरविंद गोस्वामी सहित जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरणों, सिविल प्रकरणों, चेक बाउंस प्रकरणों, वैवाहिक एवं पारिवारिक प्रकरणों, विद्युत अधिनियम के प्रकरणों, धन वसूली प्रकरणों आदि का निराकरण पक्षकारों की आपसी सहमति से किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126 एवं 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलो वाट तक के गैर घरेलू, 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जावेगी।

इन प्रकरणों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जावेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत दिनांक 14.12.2024 में समझौता करने के लिए ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस, अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जावेगी।

## बैंक सखी को सीसीएल वितरण एवं बैंकिंग प्रक्रिया पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण आयोजित

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी के मार्गदर्शन एवं जिला परियोजना प्रबंधक मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन सीधी के निर्देशन में एकता सिटीसी सीधी में मध्यांचल ग्रामीण बैंक की शाखाओं में कार्यरत समस्त बैंक सखी एवं मिशन टीम का सीसीएल वितरण एवं बैंकिंग प्रक्रिया विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिनांक 7



दिसंबर 2024 को संपन्न किया गया। प्रशिक्षण में मध्यांचल ग्रामीण बैंक के अग्रिम प्रबंधक श्री अजय सावनेर एवं सीनियर मैनेजर श्री संदीप पांण्डेय द्वारा मध्यांचल ग्रामीण बैंक में सीसीएल वितरण प्रक्रिया एवं आवश्यक दस्तावेज पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही फाईल तैयार करने का अभ्यास करवाया गया एवं जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र कुमार सिंह द्वारा मिशन में बैंक सखी नीति लागू करने की आवश्यकता, उद्देश्य, अवधारणा, बैंक सखी के कार्य, मिशन एवं मध्यांचल ग्रामीण बैंक द्वारा दिए जाने वाले मानदेय के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण में जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेन्द्र कुमार सिंह एवं जिला व विकास खंड की समस्त टीम के साथ बैंक सखी उपस्थित रही।

## चिलरी कला में सरपंद पद का मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न



**सीधी।** ग्राम पंचायत चिलरी कला में सरपंद पद का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत चिलरी कला में सरपंच पद हेतु 4 प्रत्याशी मैदान में थे। मतदान हेतु 3 केन्द्र बनाये गये थे। चिलरी कला में पुरूष मतदाताओं की संख्या 943, महिला मतदाताओं की संख्या 826 तथा कुल मतदाताओं की संख्या 1769 है, जिसमें 511 पुरुष मतदाताओं, 569 महिला मतदाताओं कुल 1080 मतदाताओं ने अपने मत का उपयोग किया। मतों की गणना खंड मुख्यालय में 13 दिसंबर 2024 को की जावेगी।

## कक्षा 9 वी से 12 वी की अर्धवार्षिक परीक्षा प्रारम्भ

सीधी

एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी दे कर बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 की कक्षा 9वीं से 12वीं तक अर्धवार्षिक परीक्षा 6 दिसम्बर से प्रारम्भ हो गई है। कक्षा 9 एवं 10 वी की सुबह 9 बजे से और 11 वी तथा 12 वी की दोपहर 1रू30 बजे से परीक्षा आयोजित हो रही है। प्रतिदिन परीक्षा के उपरांत अगले दिवस के परीक्षा के विषय की तैयारी हेतु कक्षा का संचालन अनिवार्य रूप से किया जाय। ऐसे विद्यार्थी जिनकी परीक्षा दोपहर बाद है उन्हे दोपहर पूर्व परीक्षा की तैयारी कराई जाय। परीक्षा उपरांत विषय शिक्षक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को उनकी त्रुटियां दर्शाते हुये अवलोकन कराएंगे।

**परीक्षा पश्चात लगेगी अतिरिक्त कक्षाएं**

**विद्यार्थी को दिखाई जाएगी मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाएं**

### 30 दिसम्बर को आयोजित होगा पी.टी.एम.

दिनांक 30.12.2024 को पी.टी.एम. आयोजित कर विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम से पालकों को अवगत कराते हुये मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कराने और परीक्षा परिणाम विमर्श पोर्टल पर फीडिंग करने के निर्देश प्राचार्यों को दिए गए हैं।

## डीडीएम नाबार्ड द्वारा आजीविका रूरल मार्ट एवं एकता सीटीसी का भ्रमण



**सीधी।** जागृति आजीविका रूरल मार्ट में नाबार्ड डीडीएम द्वारा आजीविका रूरल मार्ट, भरतपुर हाथकरघा एवं शुद्ध आहार केंद्र एवं एकता सीटीसी सीधी का भ्रमण किया गया। इस दौरान कृषि सीआरपी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों से चर्चा की गई। एलडीएम नाबार्ड द्वारा समूह द्वारा बनाये गए उत्पाद की सराहना की गयी एवं उत्पाद क्रय किए गए। उत्पादों की मार्केटिंग बेहतर बाजार व्यवस्था को और बेहतर बनाने हेतु आवश्यक सुझाव दिए गए। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक श्री पुष्पेंद्र सिंह, जिला प्रबंधक श्री शैलेन्द्र द्विवेदी, ब्लॉक प्रबंधक श्री अशोक पाण्डेय, जागृत सीएलएफ एवं रूरल मार्ट नोडल श्रीमती अनामिका मिश्रा के साथ रूरल मार्ट के प्रतिनिधि समूह के सदस्य उपस्थित रहे ।

# 100 दिवसीय निश्चय शिविर अभियान का शुभारंभ

## विधायक ने निश्चय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

सीधी

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 100 दिवसीय निश्चय शिविर अभियान का शुभारंभ विधायक सीधी रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में जिला चिकित्सालय सीधी में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। विधायक श्रीमती पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। सभी की सक्रिय सहभागिता से निश्चय ही टीबी हारेगा और देश जीतेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी निभाए ताकि आने वाले समय में आपके गांव को, आपके ग्राम पंचायत को और सीधी को टीबी जैसी बीमारी से मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर विधायक द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत हेतु शपथ भी दिलवाई गई तत्पश्चात निश्चय वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने में पंचायत विभाग के 400 ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा पंचायत के टीबी मरीज को गोद ले कर पोषण आहार का वितरण किया जाएगा। साथ ही महिला बाल विकास एवं स्वयंसेवी संस्थाएं शामिल हो कर अभियान में सहयोग करेंगी। अगर गांव में टीबी के संभावित रोगियों को जल्द से जल्द चिन्हित कर उन्हें जांच केंद्र तक पहुंचाया जा सके



तो उन्हें तुरंत उपचार मिल सकता है।

जिला क्षय अधिकारी डॉ हिमेश पाठक द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि यह अभियान 24 मार्च 2025 तक चलेगा। इस अभियान के अंतर्गत समुदाय में छूटे हुए टीबी के मामलों को जल्दी से पहचाना है ताकि संक्रमण का प्रसार रोका जा सके और गांव व समुदायों को जल्द से जल्द टीबी मुक्त बनाया जा सके। साथ ही अगर कोई व्यक्ति जांच के दौरान टीबी का मरीज पाया जाता है तो उसे निश्चय पोषण योजना अंतर्गत एक हजार रुपये प्रति माह भी दिए जाते हैं ताकि वह समुदाय स्तर पर कुछ पौष्टिक चीज खरीद कर सेवन कर सके। वहीं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनीता तिवारी द्वारा बताया गया कि इस अभियान के तहत उन कमजोर लोगों तक पहुंचा जाएगा जो कुपोषण, एचआईवी, डायबिटीज, धूम्रपान, शराब का सेवन या टीबी रोगियों के संपर्क में होने जैसे कारणों से टीबी के सक्रिय रोगी हो सकते हैं यदि वह लोग समय पर स्वास्थ्य सेवाओं तक नहीं पहुंचते तो बीमारी फैलने के साथ-साथ उनकी हालत भी गंभीर हो सकती है।

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी, डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट डॉ दिव्यांशु शुक्ला, डीपीसी अशफाक अहमद, पीएमडीटी विनोद तिवारी, पीपीएसए टीम लीडर जितेंद्र सिंह, पिरामल डीपीओ प्रदीप उपाध्याय, डीपीसी अभिलाषा सिंह एवं आशा कार्यकर्ता आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान 12 निश्चय मित्र बनाए गए साथ ही पोषण आहार का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीरामल फाउंडेशन के डीपीओ प्रदीप उपाध्याय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सभी ब्लाक से बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम एवं एसटीएस, एसटीएलएस एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### संवेदनशील राज्य पंजाब में सुरक्षा पर सवाल

पंजाब अलगाववादी गतिविधियों के लिहाज से अब भी संवेनशील राज्य है। पिछले कुछ समय से फिर कनाडा आदि देशों में रह रहे कुछ अलगाववादी सिख खालिस्तान की मांग उठाने लगे हैं। उसका कुछ असर पंजाब में भी देखा गया। हालांकि सरकार ने चुस्ती दिखाई और ऐसे तत्त्वों पर लगाम कसने में कामयाब हुई। मगर पिछले कुछ समय से पंजाब में आपराधिक गतिविधियां बढ़ गई हैं, दिनदहाड़े और सरेआम किसी को गोली मार देने में भी अपराधियों को कोई हिचक नहीं होती। ऐसे वातावरण में पुलिस से अधिक चौकस रहने की अपेक्षा की जाती है। मगर पूर्व मुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर जिस तरह स्वर्ण मंदिर परिसर में जानलेवा हमला हो गया, उससे जाहिर है कि पुलिस ने उनकी सुरक्षा के अपेक्षित इंतजाम नहीं किए थे। जिस व्यक्ति ने उन पर गोली चलाई वह खालिस्तान समर्थक पूर्व आतंकवादी है। रामरहीम के आपराधिक मामले में सुलह करवाने के आरोप में अकाल तख्त ने सुखबीर सिंह बादल को तनखैया घोषित कर गुरुद्वारे में सेवा करने और कीर्तन सुनने का आदेश दिया था। उसी का पालन करते हुए स्वर्ण मंदिर परिसर में वे सेवा दे रहे थे। एक व्यक्ति ने उसी वक्त उन पर हमला करने की कोशिश की। गनीमत थी कि वहां सादी वर्दी में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे दबोच लिया। इस तरह गोली बादल को न लग कर दीवार पर जा लगी। हालांकि स्वर्ण मंदिर परिसर में उस तरह श्रद्धालुओं की तकनीकी जांच नहीं होती, जिस तरह अन्य अनेक पूजा स्थलों पर की जाती है। श्रद्धालु मुक्त रूप से परिसर में प्रवेश कर सकते हैं। पर सुरक्षा के लिहाज से परिसर में सैकड़ों सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। यह अच्छी बात है कि श्रद्धा के मामले में वहां सरकारी हस्तक्षेप नहीं है, मगर सुखबीर बादल वहां किसी सामान्य श्रद्धालु की तरह नहीं गए थे। उनकी सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लापरवाही की अपेक्षा नहीं की जा सकती। गनीमत है कि सादी वर्दी में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उस हमले को नाकाम कर दिया, पर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि आखिर बंदूक लेकर कोई शख्स कैसे पूर्व मुख्यमंत्री के करीब तक पहुंच गया। अगर उसे परिसर में प्रवेश से पहले ही पकड़ लिया जाता, तो वह गोली चलाने में कामयाब ही न हो पाता। दूसरी बात, कि अगर मंदिर परिसर में सादी वर्दी में प्रशिक्षित सुरक्षाकर्मी तैनात थे, तो उन्हें उस व्यक्ति को पहचानने में इतनी देर कैसे हो गई कि वह बादल के करीब तक पहुंच गया।

**वातावरणीय ठंडक में गर्मागर्म संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं। विकास के मुद्दों से भटक कर निजी लाभके अवसर तलाशे जाने लगे हैं। दलगत विचारधारा पर निजी महात्वाकांक्षा हावी होती जा रही है। कहीं नागरिकों के रागात्मक पक्षों को प्रभावित करने के प्रयास हो रहे हैं तो कहीं राजनैतिक गठबंधनों की एकजुटता में दरारें पैदा की जा रहीं हैं। सत्ता के गलियारे में प्रवेश पाने के लिए सिध्दान्तों को उल्टा-सीधा करने वाले दल अब नये पैतरे आजमाने में जुट गये हैं। इण्डिया गठबंधन के घटक दलों को हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावी परिणामों ने आत्म समीक्षा करने के लिए बाध्य कर दिया है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को गठबंधन का नेतृत्व स्वीकारने हेतु भूमिका लिखना शुरू कर दी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है, मैंने ही इण्डिया गठबंधन का गठन किया था।**

# बयानवीरों के वक्तव्यों से उजागर होती मानसिकता

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

वातावरणीय ठंडक में गर्मागर्म संदेश प्रसारित किये जा रहे हैं। विकास के मुद्दों से भटक कर निजी लाभके अवसर तलाशे जाने लगे हैं। दलगत विचारधारा पर निजी महात्वाकांक्षा हावी होती जा रही है। कहीं नागरिकों के रागात्मक पक्षों को प्रभावित करने के प्रयास हो रहे हैं तो कहीं राजनैतिक गठबंधनों की एकजुटता में दरारें पैदा की जा रहीं हैं। सत्ता के गलियारे में प्रवेश पाने के लिए सिध्दान्तों को उल्टा-सीधा करने वाले दल अब नये पैतरे आजमाने में जुट गये हैं। इण्डिया गठबंधन के घटक दलों को हरियाणा, महाराष्ट्र के चुनावी परिणामों ने आत्म समीक्षा करने के लिए बाध्य कर दिया है। पश्चिमी बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को गठबंधन का नेतृत्व स्वीकारने हेतु भूमिका लिखना शुरू कर दी थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वह बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए विपक्षी मोर्चे के नेतृत्व के साथ दोहरी जिम्मेदारी संभालने में सक्षम है, मैंने ही इण्डिया गठबंधन का गठन किया था। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यदि अवसर दिया गया तो मैं इसका सुचारु रूप से संचालन करूंगी। यह वक्तव्य आते ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचन्द्र पवार) के मुखिया ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की मंशा का स्वागत करते हुए कहा कि ममता बनर्जी का रुख आक्रामक है। उन्होंने कई लोगों को खडा किया है। उन्हें ऐसा कहने का पूरा अधिकार है। ममता बनर्जी में इण्डिया गठबंधन का नेतृत्व करने की क्षमता है। समाजवादी पार्टी ने भी तृणमूल कांग्रेस की मुखिया की बात का समर्थन किया। पार्टी के नेता उदयवीर सिंह ने कहा कि वे एक वरिष्ठ नेता हैं, उनके पास बहुत अनुभव है और वे सक्षम हैं। हमारी पार्टी के उनके साथ संबंध अच्छे हैं और हमें उनके नेतृत्व पर भरोसा है। जबकि राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने अपने सुप्रीमो लालू यादव को गठबंधन का नेता बनाये जाने की वकालत की। श्री तिवारी ने कहा कि बीजेपी के खिलाफ विपक्षी गठबंधन के असली आर्किटेक्ट तो लालू प्रसाद यादव हैं, जिनकी पहल पर ही पटना में इण्डिया गठबंधन की पहली बैठक हुई थी। इन वक्तव्य श्रंखलाओं के मध्य कांग्रेस के इमरान मसूद ने कहा कि ममता जी एक बडी नेता के रूप में हैं परन्तु राहुल गांधी के अलावा देश में कोई नेतृत्व करने की स्थिति में नहीं है। वहीं कांग्रेस की सांसद वर्षा गायकवाड ने कहा कि उनके कहने से उनकी पार्टी चलती है, हम तो कांग्रेस के कहने पर चलते हैं। वास्तविकता तो यहा कि भाजपा का मुकाबला करने के लिए दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों ने इण्डिया गठबंधन तैयार किया था किन्तु हाल में सम्पन्न हुए चुनावों के



परिणामों से लेकर नेताओं की अपनी महात्वाकांक्षाओं तक के समुच्चय ने इसमें दरार डालना शुरू कर दिया है। राजनैतिक गलियारे में ममता के बयान से पिघलते राजनैतिक लावे को ठंडा करने की गरज से एक दिन बाद ही तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुनाल घोष ने अपनी नेता के बयान को तोडमरोड कर पेश करने का आरोप लगाते हुए एक बार फिर मीडिया को कटघरे में खडा कर दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी का फोकस पूरी तरह से पश्चिम बंगाल के विकास और जनता के कल्याण पर है अगर इण्डिया गठबंधन उनसे नेतृत्व की मांग करता है, तो वह कोलकता से ही नेतृत्व करेंगी। उन्हें दिल्ली आने की कोई जरूरत नहीं है। वाक्य संदेशों के माध्यम से चल रहे इण्डिया गठबंधन के आन्तरिक युध्द में शिवसेना (उध्दव बालासाहेब ठाकरे) ने एक अलग ही मोर्चा खोल दिया। पार्टी के एमएलसी मिलिंद नार्वेकर ने विध्वंस होती बाबरी मस्जिद की फोटो के साथ शिवसेना के संस्थापक बाला साहेब ठाकरे का वक्तव्य सोशल मीडिया के एक्स प्लेटफार्म पर पोस्ट किया जिसमें लिखा हुआ था कि मुझे उन लोगों पर गर्व है, जिन्होंने यह किया है। पोस्ट होते ही महाविकास अघाडी के साथ जुडी समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रमुख तथा मानखुर्द शिवाजीनगर के विधायक अबू आजमी ने कहा कि शिवसेना (उध्दव बालासाहेब ठाकरे) की तरफ से बाबरी मस्जिद को गिराये जाने के लिए लोगों को बधाई देते हुए एक अखबार में विज्ञापन दिया गया था। इतना ही नहीं उध्दव ठाकरे के सहयोगी ने मस्जिद को ढहाये जाने की तारीफ करते हुए एक्स पर पोस्ट भी किया है, यही वजह है कि समजावादी पार्टी ने महाविकास अघाडी छोडने का फैसला किया है। ज्ञातव्य हो कि महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी ने विधानसभा चुनावों में मानखुर्द शिवाजीनगर के अलावा मुस्लिम बाहुल्य इलाके भिवंडी सीट पर भी विजय प्राप्त की थी। वर्तमान में अनेक पार्टियों की अपनी नीतियां और रीतियां गिरगिट की तरह रंग बदल रहीं हैं। अवसर की तलाश में आदर्शों की धज्जियां उडाने वाले लोगों व्दारा निहित स्वार्थों की पूर्ति हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। नेशनल कान्फ्रेंस के फारूख अब्दुल्ला ने तो बंगलादेश में हो रहे हिन्दुओं के उत्पीडन तक की जानकारी न होने की बात कहकर स्वयं की संवेदनशीलता पर ही प्रश्नचिन्ह अंकित कर दिया हैं। उन्होंने बंगलादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों पर टिप्पणी करते हुए स्पष्ट रूप से कहा कि मैंने नहीं सुना, मुझे पता नहीं है। आश्चर्य होता है कि देश-दुनिया में बंगालदेश के हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की चर्चायें जोरों पर हैं तब देश में स्वयं को कद्दावर नेता मानने वाले फारुख अब्दुल्ला का गैर जिम्मेदाराना वक्तव्य सामने आया है। जो व्यक्ति आतंकियों को भटका हुआ मासूम करार देता हो वह हिन्दुओं के नरसंहार पर अनभिग्यता जाहिर करके मुखौल उडा रहा है। ऐसे में उसकी पार्टी के शासनकाल में जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को पक्षपात रहित व्यवस्था मिलने की संभावना क्षीण हो जाती है। कुल मिलाकर बयानवीरों के वक्तव्यों से उजागर होती मानसिकता को सुखद कदापि नहीं कहा जा सकता। सिध्दान्तों की अडिगता से कोसों दूर पहुंच चुके राजनैतिक दलों ने स्वार्थपूर्ति के परिणाम प्राप्त न होने पर नये स्वरूप को स्वीकारना शुरू कर दिया है जिसमें जातिवाद, सम्प्रदायवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद और अहंकारवाद नामक पांचों तत्व मौजूद है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# 8 दिसंबर बना भारतीय क्रिकेट का ब्लैक संडे

**रोहित शर्मा और विराट कोहली की तेज और स्पिन गेंदबाजी की कमजोरी का खामियाजा भारतीय टीम को पिंक बॉल टेस्ट गंवाकर उठाना पड़ा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया ने 'पिंक बॉल' से खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में 10 विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने डे-नाइट टेस्ट में अपना दबदबा जारी रखते हुए रविवार को तीसरे दिन के पहले सेशन में मैच को अपने नाम कर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली।**

(अंशुल तलमले)

भारतीय क्रिकेट के लिए रविवार का दिन खराब रहा और उसकी तीनों नेशनल टीम सीनियर मेंस, महिला और अंडर-19 पुरुष टीम को अपने-अपने मैचों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। रोहित शर्मा, हरमनप्रीत कौर और मोहम्मद अमान की कप्तानी वाली टीम अपने मैच नहीं जीत पाई।

25 जून 1983, 24 सितंबर 2007, 2 अप्रैल 2011, 29 जून 2024... भारतीय क्रिकेट इतिहास की ये कुछ चुनिंदा तारीखें हैं, जो हमेशा-हमेशा के लिए अमर हो चुकी है। क्रिकेट फैंस के दिमाग में ये साल सुनहरी यादों की तरह सज चुके हैं। भारत ने इन तारीखों पर वर्ल्ड कप जो जीता। मगर 8 दिसंबर 2024 यानी आज के दिन को भारतीय क्रिकेट का काला दिन कहा जा रहा है। इस 'ब्लैक संडे' को टीम इंडिया तीन बार हार गई। मेंस, वुमेंस के बाद हमारे फ्यूचर स्टार्स ने भी देशवासियों का दिल तोड़ दिया।

**कैसे एक दिन में तीन बार हारी टीम इंडिया -** भारतीय मेंस टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेलने ऑस्ट्रेलिया गई हुई है। जहां एकमात्र डे-नाइट टेस्ट मैच में हमें शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। इसके बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी ऑस्ट्रेलिया से हार गई। ब्रिसबेन वनडे में हमारी वुमेंस टीम को 122 रन से शिकस्त झेलनी पड़ी। तीसरी हार अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में हमारे यंग स्टार्स की हुई, जिन्हें बांग्लादेश ने हराया।

**डे-नाइट टेस्ट में 10 विकेट से हारा भारत -** रोहित शर्मा और विराट कोहली की तेज और स्पिन गेंदबाजी की कमजोरी का खामियाजा भारतीय टीम को पिंक बॉल टेस्ट गंवाकर उठाना पड़ा। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया ने 'पिंक बॉल' से खेले गए दूसरे टेस्ट



मैच में 10 विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने डे-नाइट टेस्ट में अपना दबदबा जारी रखते हुए रविवार को तीसरे दिन के पहले सेशन में मैच को अपने नाम कर पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने इसके साथ ही पर्थ में मिली 295 रन की निराशाजनक हार को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह दिन-रात्रि के 13 टेस्ट में 12वीं जीत है। टीम को गुलाबी गेंद से एकमात्र हार वेस्टइंडीज से मिली है। एडिलेड में खेले गए दिन-रात्रि टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने सभी आठ मैच जीते हैं।

**दूसरे वनडे में भारतीय महिला टीम हारी -** भारतीय महिला टीम ब्रिसबेन में खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया से 122 रन के विशाल अंतर से हार गईं। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इस तरह से तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। जॉर्जिया वोल और एलिसे पैरी के शतकों की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने ये मुकाम हासिल किया। अपना दूसरा वनडे खेल रही युवा बल्लेबाज वोल महज 87 गेंद में 101 रन की पारी के साथ करियर का पहला शतक जड़ने में सफल रही जबकि पैरी ने 75 गेंद में 105 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर आठ विकेट पर 371 रन बनाए जो भारत के खिलाफ उसका सबसे बड़ा स्कोर है। टीम ने इसके बाद भारत की पारी को 45.5 ओवर में 249 रन पर समेट कर आसान जीत दर्ज की।

**फिर -19 एशिया कप ट्रॉफी फिसली -** भारत के लिए इस खराब दिन में इतना ही पर्याप्त नहीं था। दुबई में अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारतीय अंडर-19 टीम बांग्लादेश से 59 रन से हार गई। खिताब के प्रबल दावेदार भारत के सामने 199 रन का लक्ष्य था, लेकिन उसकी पूरी टीम 35.2 ओवर में 139 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने में सफल रहा। भारत पिछले सीजन में भी बांग्लादेश से ही फाइनल में हारा था। इस तरह बांग्लादेश, भारत के बाद अपनी ट्रॉफी डिफेंड करने वाली सिर्फ दूसरी टीम बन गई।

## वर्ग पहेली 5577

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | | ■ | 14 |
| 15 | | 16 | ■ | | ■ | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | 20 | | |
| 21 | ■ | | ■ | 22 | | | ■ |
| 23 | | | ■ | ■ | | ■ | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं

1. 18 जुलाई 1996 को वर्तमान दौर की इस महिला क्रिकेट खिलाड़ी ने जन्म लिया (5)
5. दक्षिणी अमेरिका के प्रशांत तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी लीमा है (2)
7. भास्कर, रवि, दिनपति, सूर्य (4)
9. एक प्रकार का रासायनिक द्रव्य, शुद्ध वायु (3)
11. इसे उर्दू में हिना कहते है, रंजिका (3)
12. लार, वार्निश, लाल (2)
13. पदचिन्ह, चरण, कदंब (3)
15. अकुलीनता, अधमता, दर्जुनता (3)
17. पटना से करीब 90 किमी दूर जहां तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है (2)
18. क्रिकेट से संबंधित एक शब्द (2)
19. अनुभवी, प्रवीण, सतर्क (4)
22. घेराबंदी, सीमांतिकरण करना (3)
23. हिंदी के बारह महिनों में से एक (3)

ऊपर से नीचे

1. एक भारतीय टीवी अभिनेत्री व वर्तमान दौर की भाजपा महिला नेत्री (5)
2. उपासना गृह, देवालय, इबादतगाह (3)
3. तृणजाति का एक पौधा जिनके बीज से चावल निकलते है (2)
4. परेशान होना, छकना, तंग आना (7)
6. पसंदगी, इच्छा, दिलचस्पी (2)
8. करुणा, दया, तरस (3)
10. पृथ्वी पर विचरने वाले प्राणी (4)
14. हवा, सचल वायु, अलमस्त हव, नसीम (3)
16. मुगल सम्राट अकबर के एक दरबारी रत्न जिनका मूल नाम रामतनु पाण्डेय था (4)
17. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट से स्थित देश जिसकी राजधानी जॉर्जटाउन है (3)
20. शिकायत, उपालंभ, गिला (3)
21. जो रिश्ते में माता की बहन पति हों (2)

## वर्ग पहेली 5576 हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | न | लैं | ड | ■ | श | ह | द |
| रो | ■ | मि | ल | म | ■ | वा | र |
| आ | व | क | ■ | र | क | म | ■ |
| बा | ल | ■ | ■ | ह | ला | ह | ल |
| द | वा | तु | ■ | म | ■ | ल | ट |
| ■ | का | ■ | च | ■ | ज | ■ | क |
| स | र | का | र | ■ | मै | दा | न |
| शर्त | ■ | ■ | स | र | का | ना | ■ |

# सीएम से ज्यादा है फडणवीस की हैसियत

(सुभाष माहेश्वरी)

महाराष्ट्र चुनाव में बीजेपी ने अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए अपने दम पर 132 सीटें जीती हैं। आंकड़ा इतना दमदार है कि एक झटके में कई रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए गए। अब देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ले ली है, बड़ी बात यह है कि महायुति के दो सबसे बड़े



चेहरे शिंदे और अजित पवार को भी सरकार में शामिल होने के लिए मना लिया गया है। पहले कहा जा रहा था कि शिंदे डिप्टी सीएम ना बने, लेकिन आखिर में आते आते वे भी झुक गए और अब महायुति पूरी तरह एकजुट दिखाई दे रही है।

लेकिन अगर ध्यान से देखा जाए तो महाराष्ट्र नतीजे के बड़े संदेश देखने को मिल रहे हैं। जो बीजेपी लोकसभा चुनाव के वक्त 240 सीटों पर सिमट चुकी थी, जिस समय मोदी-शाह की जोड़ी को लेकर कहा जाने लगा कि शायद अब वो उतनी ताकतवर नहीं, कुछ महीनो के अंदर में समीकरण फिर पूरी तरह बदल चुके हैं। हरियाणा में सरकार बनाई गई है, जम्मू कश्मीर में पहले से बेहतर प्रदर्शन हुआ है और महाराष्ट्र में तो कई रिकॉर्ड ध्वस्त करते हुए एक प्रचंड जनादेश हासिल किया गया है। पहचान ना उजागर होने की शर्त पर बीजेपी के एक नेता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जब कोई ज्यादा ही हवा में उड़ता है, उसको जमीनी हकीकत बताने में थोड़ा समय तो जाता ही है। हमने भी शिंदे जी का इंतजार किया, इस बात का इंतजार किया कि शिंदे सच्चाई को समझेंगे, उन्हें इस बात का अहसास होगा कि एनडीए के साथ रहना ही उनका सबसे बेस्ट विकल्प रहने वाला है।

वैसे मुंबई से एक और बड़ा संदेश गया है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में प्रचंड जीत के बाद भाजपा ने सभी को हैरान करते हुए उन चेहरों को मुख्यमंत्री बनाया जिन्हें शायद पहले उतनी लोकप्रियता कभी मीला ही नहीं थी। एक तरफ अगर छत्तीसगढ़ में रमन सिंह ज्यादा कद्दावर नेता माने जा रहे थे, राजस्थान में वैसा ही कद वसुंधरा राजे का था। मध्य प्रदेश में मामा शिवराज की लोकप्रियता तो कभी सवालों में थी ही नहीं। लेकिन फिर भी सभी को चौंकाते हुए तीनों राज्यों में मोदी-शाह की जोड़ी ने उन चेहरों को चुना जिनके दम पर भविष्य की लीडरशिप तैयार की जा सके।

इसी वजह से पहले ऐसा भी माना जा रहा था कि शायद महाराष्ट्र में भी कोई बड़ा सरप्राइज हो जाए, फडणवीस की जगह किसी नए चेहरे को मौका दिया जाए। लेकिन अब जब फिर देवेंद्र फडणवीस की ही ताजपोशी हुई है, साफ संदेश दिया गया है कि बीजेपी को महाराष्ट्र में अपने सबसे लोकप्रिय चेहरे की अभी जरूरत है। एक तो महायुति में जब अजित पवार और एकनाथ शिंदे जैसे कद्दावर नेता मौजूद हों, उस स्थिति में बीजेपी को संभल कर चलने के लिए फडणवीस जैसी कार्यशैली की जरूरत थी। इसके ऊपर क्योंकि देवेंद्र संघ के भी करीबी हैं, वहां से भी ज्यादा दिक्कत पैदा नहीं होगी।

# आज का राशिफल

### मेष

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप छोटे मोटे पार्ट टाइम कारोबार के लिए भी समय निकाल लेंगे और सफलता प्राप्?त होगी। महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति का दिन है, अतः प्रयत्नशील रहें। काफी संघर्ष के बाद आज आपको परेशानियों से कुछ राहत मिलेगी।

### वृष

आज दिन शुभ होगा। किसी शुभ मांगलिक कार्य के आयोजन में भाग लेंगे। अपने जीवन स्तर को सुधारने के लिए फिलहाल आपको स्थाई प्रयोग में आने वाली वस्तुओं की ही खरीदारी करनी चाहिए। शाम के समय किसी खास मेहमान का आगमन हो सकता है।

### मिथुन

आज करियर के मामले में सफलता प्राप्?त होगी और आपकी तरक्?की को देखकर सभी लोगों को खुशी होगी। आपकी नज़र भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है।

### कर्क

आज दिन काफी व्?यस्?तता से भरा होगा। आप हमेशा ही अपने परिवार की सलामती के लिए कटिबद्ध रहते हैं। कोई चिंता आपको परेशान कर सकती है और आपके भाग्?य में वृद्धि के योग हैं।

### सिंह

आज कारोबार के मामले में लाभ होगा और आपके लिए तरक्?की के योग बने हैं। आपको कारोबार की चिन्ता विशेष रूप से परेशान करेगी क्योंकि पिछले काफी दिनों से व्यवसाय नियमिति नहीं है।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी विशेष प्रकार की भागदौड़ में आपका दिन बीतेगा। उसके नतीजे भी लाभदायक होंगे। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अनुबंध आपको प्राप्त होगा।

### तुला

आज बिना वजह ही अकारण ही चिन्तित और परेशान रहेंगे। सामाजिक और व्यवसायिक क्षेत्र में विरोधियों की भीड़ आपके सामने खड़ी हो सकती है। आप अपने साहस और बुद्धिमानी से ही इन लोगों को पराजित कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज करियर के मामले में अचानक से मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने झगड़े झंझटों से छुटकारा मिलेगा।

### धनु

आज लाभ होगा और आपको किसी नए संपर्क से लाभ मिलेगा। आपको रुका धन कठिनाई से मिलेगा, रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रात्रि के समय मांगलिक अवसरों में जाने का अवसर मिलेगा।

### मकर

आज करियर और कारोबार के मामले में भाग्?य का साथ मिलेगा। आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी आपके लिए सामंजस्?य बढ़ेगा।

### कुंभ

आज साहस और निडर होकर जो भी काम करेंगे, वह पूरा होने पर आपको अत्यधिक लाभ देगा और आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। अचानक बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति भी हो सकती है।

### मीन

आज आपको अटके धन की प्राप्ति होगी और लोगों के साथ आपके रिश्ते बेहतर होते जाएंगे, जिससे आपको तरक्की मिलने में सहायता होगी। इन राशि के जो जातक किराए पर रहते हैं, उनका कल खुद का घर लेने का सपना पूरा हो सकता है।

संक्षिप्त समाचार

## हरियाणा के सोनीपत में पुलिसकर्मी पर हमला

**सोनीपत, एजेंसी।** हरियाणा के सोनीपत जिले में पुरानी रंजिश के चलते एक पुलिस कर्मी पर तेज़ धारदार हथियार से कथित रूप से हमला करके उसे जख्मी कर दिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पीड़ित को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रवक्ता के मुताबिक, पीड़ित हरीश ने बताया है कि वह सात दिसंबर को अपनी ड्यूटी खत्म कर के घर जा रहा था और रात करीब दस बजे वह सोहटी-बहादुरगढ़ चौक पर वाहन का इंतजार कर रहा था तभी एक कार से बिंटू व चीनू नामक व्यक्ति आए जो उसके ही गांव के रहने वाले हैं। हरीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके परिवार का बिंटू और चीनू के परिवार से दो साल से विवाद है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, हरिश ने बताया कि चीनू ने अपने हाथ में कोई धारदार हथियार ले रखा था और दोनों ने उस पर एकदम से हमला कर दिया जिसकी वजह से वह घायल होकर सड़क पर गिर गया। उन्होंने बताया कि खरखौदा थाने ने हरीश की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

## तेलंगाना में महिला ने अपने तीन नाबालिग बेटों को कथित तौर पर बेचा

**निजामाबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले में एक महिला ने जुड़वां बच्चों समेत अपने तीन नाबालिग बेटों को कथित तौर पर बेच दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों बच्चों की आयु पांच से सात वर्ष के बीच है और सभी को बचा लिया गया है। अरमूर पुलिस थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने लगभग 10 महीने पहले अपने एक बच्चे को और बाद में दो अन्य बच्चों को एक से दो लाख रुपये में तीन अलग-अलग व्यक्तियों को कथित तौर पर बेच दिया था। पुलिस ने महिला और बच्चों को खरीदने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस सिलसिले में जांच जारी है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से सबरीमला के तीन तीर्थयात्री घायल

**पथनमथिट्टा, एजेंसी।** पथनमथिट्टा जिले के कनमाला क्षेत्र में सोमवार को तेज गति से जा रही एक कार की टक्कर से सबरीमला के तीन तीर्थयात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायल तीर्थयात्रियों को तुरंत नजदीकी एरुमेली के अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, ''बताया जा रहा है कि वे सबरीमला में दर्शन के लिए जा रहे थे। अभी हमें यह पता करना है कि वे तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश या तेलंगाना.. कहां से हैं।'' अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस समय की है जब तीर्थयात्री सड़क के किनारे एक भोजनालय के पास खड़े थे। पुलिस ने बताया कि कार से चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार ने तीर्थयात्रियों को टक्कर मार दी।

## अभिनेता दिलीप को वीआईपी दर्शन कराने के आरोप में चार अधिकारियों को नोटिस

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने सबरीमाला में भगवान अयप्पा मंदिर में मलयाली अभिनेता दिलीप को वीआईपी दर्शन की सुविधा प्रदान करने के आरोप में चार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। टीडीबी के अध्यक्ष पी. एस. प्रशांत ने रविवार को कहा कि मामले का पता चलने के बाद अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया। उन्होंने कहा कि इससे कथित तौर पर कुछ मिनट के लिए कई भक्तों को दर्शन में परेशानी हुई। प्रशांत ने सन्निधानम में संवाददाताओं से कहा, उनका स्पष्टीकरण मिलने के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस मामले पर उस समय विवाद शुरू हो गया जब ऐसी खबरें आईं कि दिलीप को बृहस्पतिवार को सबरीमाला मंदिर में विशेष दर्शन की अनुमति दी गई थी।

# विपक्ष ईवीएम के बारे में लोगों को गुमराह करना बंद करे, जनादेश स्वीकारे : एकनाथ शिंदे



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में लोगों को गुमराह करने और जनादेश को स्वीकार न करने का आरोप लगाया। शिंदे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने 20 नवंबर को संपन्न विधानसभा चुनाव में अपने काम की वजह से जीत हासिल की है इसलिए विपक्षी महाविकास आघाडी(एमवीए) को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए और विकास कार्यों में सरकार का समर्थन करना चाहिए।

महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 नवंबर को मतदान हुआ था और 23 नवंबर को नतीजे आए थे। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के 'महायुति' गठबंधन ने 230 सीट पर जीत हासिल की थी जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना(उबाठा) और शरद पवार नीत राकांपा(एसपी)के विपक्षी गठबंधन को केवल 46 सीट मिली थीं। विपक्षी दलों ने चुनाव में हार के लिए ईवीएम में अनियमितता का आरोप लगाया और मतपत्रों के इस्तेमाल की मांग की। शिवसेना प्रमुख ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, जब आप जीतते हैं तो ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं होती लेकिन जब आप हारते हैं तो मशीन खराब हो जाती है। यह सही तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए कि उन्हें निर्णायक रूप से पराजय मिला है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने विपक्ष को उसकी जगह दिखा दी और साबित कर दिया कि वे घर बैठने वालों को वोट नहीं देते। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव में महायुति को 2.48 करोड़ मत मिले, जो 43.55 प्रतिशत है। एमवीए को 2.5 करोड़ मत मिले, जो 43.71 प्रतिशत है। फिर भी विपक्ष को 31 सीट पर जीत हासिल हुई और महायुति को 17 सीट मिलीं। क्या हमें यह कहना चाहिए कि ईवीएम में गड़बड़ी हुई? शिंदे ने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के बारे में भ्रम पैदा करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा, लोगों ने हमें हमारे काम के लिए जनादेश दिया है। विलाप करना बंद करें और हमारे द्वारा किए गए विकास कार्यों को स्वीकार करें। जनादेश को स्वीकार करें। शिंदे ने कहा कि विपक्ष ने झारखंड विधानसभा चुनाव और नांदेड़ (महाराष्ट्र) तथा वायनाड (केरल) लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि महायुति को 49.30 प्रतिशत मत और 3.18 करोड़ वोट मिले जबकि एमवीए को 2.35 करोड़ मत मिले। शिंदे ने कहा कि दोनों दलों के बीच एक करोड़ मतों का अंतर है।

## महायुति को नहीं राज ठाकरे की जरूरत : रामदास आठवले



**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे प्रासंगिकता खो चुके हैं और सत्तारूढ़ महायुति को उनकी जरूरत नहीं है। महाराष्ट्र विधानसभा के लिये 20 नवंबर को हुए चुनावों में मनसे एक भी सीट जीतने में असफल रही थी। पार्टी प्रमुख के बेटे अमित ठाकरे को भी मुंबई के माहिम निर्वाचन क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा था। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख आठवले ने कहा, राज ठाकरे को लगता था कि उनके बिना सत्ता नहीं मिल सकती। उनके सपने चकनाचूर हो गए हैं। मेरे गठबंधन में होने के कारण राज ठाकरे के लिए कोई जगह नहीं है। वह अपनी रणनीति और पार्टी के झंडे का रंग बदलते रहते हैं। यह उनकी घटती प्रासंगिकता को दर्शाता है। आठवले की पार्टी एक दशक से ज्यादा समय से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा है। नासिक में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने यह भी विश्वास जताया कि उनकी पार्टी को देवेंद्र फडणवीस सरकार में प्रतिनिधित्व मिलेगा। हालिया विधानसभा चुनावों में करारी हार के लिए ईवीएम के दुरुपयोग को जिम्मेदार ठहराने के लिए महा विकास आघाडी की आलोचना करते हुए आठवले ने कहा कि विपक्ष ऐसे बहाने बनाकर लोकतंत्र का अपमान कर रहा है।



## मथुरा में सैन्यकर्मी की मौत के बाद साथी सैनिकों ने किया बेटी का कन्यादान

**मथुरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के मांट क्षेत्र में छुट्टी लेकर बेटी की शादी करने आए सैनिक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जिसके बाद साथी सैनिकों ने पिता का कर्तव्य निभाते हुए कन्यादान किया। मांट के थानाध्यक्ष रंजीत वर्मा ने रविवार को बताया कि बकला गांव के रहने वाले देवेंद्र सिंह (48) की बेटी की सात दिसंबर को शादी होनी थी, जिसकी तैयारियों में वह जोर-शोर से जुटे थे, लेकिन शादी से दो दिन पहले देवेंद्र की मांट-राया रोड पर हादसे में मौत हो गई। देवेंद्र के रिश्तेदार नरेन्द्र ने बताया कि बेटी की शादी से ठीक दो दिन पहले पिता की मौत से पूरे घर में कोहराम मच गया और तैयारियां बीच में ही रुक गईं। नरेन्द्र ने बताया कि परिवार के सदस्य सोच-विचार कर रहे थे कि कन्यादान कौन करेगा, इसी बीच जब देवेंद्र की मृत्यु के बारे में उनकी जाट बटालियन के साथियों को पता चला तो उनके कमांडिग अधिकारी ने पांच जवानों को कन्यादान करने के लिए बकला गांव भेजा। नरेन्द्र ने बताया कि देवेंद्र के साथी सैनिकों सूबेदार सोनवीर सिंह, सूबेदार मुकेश कुमार, हवलदार प्रेमवीर, विनोद और बेताल सिंह ने गांव पहुंच कर न केवल पिता की हैसियत से बेटी का कन्यादान किया बल्कि विवाह की व्यवस्था में भी पूरी मदद की।

# बर्फबारी के बाद झूमे सैलानी, पर्यटन स्थलों पर बढ़ी रौनक; ऑक्यूपेंसी में इजाफा

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में हुई ताजा बर्फबारी के बाद एकाएक सैलानियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। रविवार को देर शाम शिमला के रिज मैदान पर बर्फ के फाहे गिरते ही सैलानी झूम उठे। बर्फबारी के बाद आने वाले दिनों में प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों का जमावड़ा लगने की उम्मीद है। हालांकि, निचले इलाकों के लोग बारिश और बर्फबारी का इंतजार करे रहे हैं। क्रिसमस से पहले हिमाचल में हुई बर्फबारी से पर्यटन कारोबार में बूम आने की उम्मीद है। आने वाले दिनों में वीकेंड के अलावा हफ्ते के अन्य दिनों में भी सैलानियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। रविवार को बर्फबारी के बाद कुफरी में सफेद चादर बिछ गई। शिमला की जाखू चोटी और रिज मैदान पर सहित अन्य क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के बाद सैलानियों ने खूब मस्ती की। शनिवार को शिमला और मनाली में 60 फीसदी, कसौली में 70 फीसदी, चायल और धर्मशाला में 40 फीसदी तक ऑक्यूपेंसी रही। मौसम विभाग की ओर से प्रदेश में आज भी बारिश-



बर्फबारी का पूर्वानुमान है।

**एचपीयू छात्रावासों में पहली बर्फबारी का रोमांच :** राजधानी में इस सीजन की पहली बर्फबारी ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) के छात्रावासों में उत्साह का माहौल पैदा कर दिया। शाम के 9 : 30 बजे जैसे ही परिसर में बर्फ गिरनी शुरू हुई, छात्र-छात्राएं अपने कमरों से बाहर निकलकर बर्फबारी का आनंद लेने लगे। छात्र बर्फ में खेलते उन्होंने अपने दोस्तों के साथ तस्वीरें खिंचवाई और इस पल को कैमरे में कैद किया। छात्रावासों के आसपास की पहाड़ियों और परिसर में जमी सफेद बर्फ ने प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ा दिया। ठंड से बचने के लिए छात्र गर्म कपड़ों और जैकेट में लिपटे रहे। एचपीयू के छात्रों के लिए यह बर्फबारी एक यादगार अनुभव बन गई, जहां पढ़ाई के साथ-साथ प्रकृति के इस खूबसूरत नजारे का आनंद लेने का मौका मिला। बर्फ पड़ने के साथ ठंड को देखते हुए छात्र वापिस छात्रवास चले गए। जिसके बाद प्रदेश विश्वविद्यालय के परिसर के ऊपर बर्फ की चादर जम गई।

**रिज पर फाहों में सैलानियों ने की मस्ती :** शिमला जिले में रविवार शाम को अचानक मौसम ने करवट बदली। बर्फ के फाहे गिरने से बागवानों-किसानों को कृषि कार्य शुरू होने की उम्मीद जगी है। वहीं रिज पर सैलानियों ने बर्फ के फाहों के बीच जमकर मस्ती की। जिले के अधिकतर इलाकों में बारिश न होने के चलते रबी की फसल का कार्य रुका हुआ है। किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बारिश-बर्फबारी होने के बाद बगीचों में सर्दियों मे लगने वाले सेब सहित स्टोन फ्रूट की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम खुलने के बाद बागवान बगीचों में तौलिए बनाने की प्रक्रिया शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा ज्यादा बारिश होने के बाद नए पौधे रोपने के लिए उपयुक्त नमी बन जाएगी। उनका कहना है कि तापमान एकदम नीचे आने से माइट, कैंकर, वूली एफिड से स्वयं ही निजात मिल जाएगी और किसी भी प्रकार के स्प्रे करने से बचें। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार किसान खेतों में बारिश न होने के चलते रुके हुए बिजाई के कार्य को शुरू कर सकते हैं। मटर सहित अन्य बेमौसमी सब्जियों की बिजाई का काम शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा जहां पर सब्जी की पौध तैयार हो चुकी है वे किसान मौसम खुलने के बाद पौधों की रोपाई भी कर सकते हैं।

# नाइट ड्यूटी के दौरान पुष्पा 2 देखने पहुंचे एसीपी, पुलिस कमिश्नर ने लगाई फटकार



**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में 7 दिसंबर यानी शनिवार को रात में गश्त के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सेंथिल कुमार को ड्यूटी का उल्लंघन करते हुए पुष्पा-2 देखते हुए पकड़ा गया. उन्हें उस समय फिल्म देखते हुए पकड़ा गया डीआईजी और शहर के पुलिस आयुक्त (प्रभारी) मूर्ति की देखरेख में महिला निरीक्षक नेल्लई शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गश्त कर रही थीं. सेंथिल कुमार, जिन्हें नेल्लई टाउन, नेल्लई जंक्शन, पलायमगोट्टई और मेलापलायम जैसे क्षेत्रों में गश्त की देखरेख करनी थी, वोडियारपट्टी क्षेत्र के एक सिनेमा हॉल में पाए गए. वहीं, उनकी महिला इंस्पेक्टरों टीम उनकी निगरानी के बिना गश्त कर रही थी.

**सेंथिल कुमार से संपर्क करने की कोशिश :** यह घटना तब प्रकाश में आई जब नेल्लई पुलिस आयुक्त मूर्ति जो गश्त की निगरानी कर रहे थे. उन्होंने माइक पर सेंथिल कुमार से संपर्क करने की कोशिश की. जब 15 मिनट तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो नियंत्रण कक्ष ने उनसे संपर्क करने के कई प्रयास किए, आखिरकार सेंथिल कुमार ने जवाब दिया और झूठा दावा किया कि वह थाचनल्लूर क्षेत्र में हैं.

**सार्वजनिक रूप से लगाई फटकार :** इसके बाद स्थिति से पहले से ही अवगत मूर्ति ओपन माइक पर ही सेंथिल कुमार पर उनके गैर-जिम्मेदाराना कार्यों के लिए सार्वजनिक रूप से उन्हें फटकार लगाई. उन्होंने कहा, आप रात की ड्यूटी के दौरान थिएटर में बैठकर फिल्म देख रहे हैं, जबकि सभी महिला निरीक्षक गश्त पर हैं. क्या यह जिम्मेदाराना व्यवहार है? यह घटना ऐसे समय में हुई है जब हाल ही में इंस्पेक्टर गोपालकृष्णन पर हमले की कोशिश हुई थी. बता दें कि ड्यूटी के दौरान पेट्रोल बम फेंकने वाले गिरोह ने उन्हें निशाना बनाया था.

## पुरी जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की मरम्मत का काम 16 दिसंबर से शुरू होने की संभावना

**पुरी, एजेंसी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की मरम्मत का काम 16 दिसंबर से शुरू कर सकता है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। एएसआई अधीक्षक डी. बी. गरनाइक ने बताया कि एएसआई ने प्रस्तावित मरम्मत कार्य के लिए मंदिर की नीति उप-समिति से मंजूरी मांगी है। उन्होंने कहा, समय मिलने के बाद संभवतः 16 दिसंबर से हम काम शुरू कर देंगे। अधिकारी ने बताया कि रत्न भंडार को 46 साल बाद इस साल जुलाई में कीमती सामानों की सूची बनाने और इसकी संरचना की मरम्मत के लिए फिर से खोला गया था।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस में एसआई भर्ती के लिए उम्र सीमा में दी जाए ढील : महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर, एजेंसी।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने उम्मीद जताई कि जम्मू-कश्मीर सरकार पुलिस उप-निरीक्षक पदों के लिए उम्मीदवारों को आयु में छूट देगी क्योंकि 2019 से भर्ती में देरी हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अभ्यार्थियों की आयु में छूट एक वैध मांग है। महबूबा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ''भ्रष्टाचार और परीक्षा रद्द होने के कारण 2019 से भर्ती में देरी के कारण अनगिनत जेकेपीएसआई उम्मीदवार अंधकारमय भविष्य की ओर देख रहे हैं। आयु में छूट एक वैध मांग है और मुझे उम्मीद है कि इसे तुरंत मंजूरी मिल जाएगी।'' उन्होंने पोस्ट में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को टैग किया। पुलिस उपनिरीक्षकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 2022 में आयोजित की गई थी, लेकिन अनियमितताओं के आरोप सामने आने के बाद चयनित उम्मीदवारों की सूची रद्द कर दी गई थी। कथित अनियमितताओं की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) जांच का आदेश दिया गया और एजेंसी ने मामले में एक बीएसएफ अधिकारी सहित 24 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।



## प्रसूताओं की मौत का मामला : सीएम सिद्धारमैया की पीड़ित परिवारों को 5 लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा

**बल्लारी, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेल्लारी मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान केंद्र में प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण जान गंवाने वाली पांच महिलाओं के परिजनों को रविवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की. बेल्लारी मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान केंद्र में पिछले एक महीने में कम से कम पांच प्रसूताओं की मौत हो गई थी. मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कर्नाटक के औषधि नियंत्रक उमेश एस. के निलंबन का आदेश दिया. इसके अलावा पश्चिम बंगाल स्थित उस कंपनी के खिलाफ मुकदमा चलाने का भी निर्णय लिया गया है जिस पर घटिया 'रिंगर लैक्टेट' घोल की आपूर्ति किए जाने का आरोप है. शरीर में पानी की मात्रा को बहाल करने के लिए 'रिंगर लैक्टेट' का प्रयोग किया जाता है. बल्लारी जिले के संदूर में 'जन कल्याण समावेश' (लोक कल्याण सम्मेलन) कार्यक्रम में सीएम सिद्धारमैया ने कहा, ''बेल्लारी अस्पताल में पांच महिलाओं की मौत हो गई है. मैंने एक बैठक की और ऐसा लगता है कि घटिया दवाएं दी गई थीं. उन्होंने कहा कि मैंने दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी, लेकिन पीड़ितों के परिवार अधिक राशि की मांग रहे हैं. इस वजह मैं उन्हें पांच लाख रुपये देने की घोषणा करता हूं.'' बता दें कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन हाल में हुए विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार अन्नपूर्णा तुकाराम के जीतने होने पर संदूर के लोगों का धन्यवाद जताने के लिए किया गया था.

# दिल्ली फूड फेस्टिवल में लखपति दीदी ने दिखाए हुनर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में चल रहे सरस फूड फेस्टिवल में इस बार एक खास आकर्षण लखपति दीदी हैं। ये महिलाएं देश के विभिन्न हिस्सों से आई हैं, जो स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अपनी जिंदगी को संवारने में सफल रही हैं। इन महिलाओं ने सालाना एक लाख रुपये से ज्यादा की आय अर्जित की है और प्रेरणा का स्रोत बन चुकी हैं। फूड फेस्टिवल में 25 राज्यों के विभिन्न पारंपरिक व्यंजन प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिसमें हिमाचल प्रदेश का सिद्धू, महाराष्ट्र की सोल कधी और झारखंड की पीठा रोटी जैसे विशेष व्यंजन शामिल हैं। यह आयोजन ग्रामीण विकास मंत्रालय और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा



आयोजित किया गया है। इस बार इसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तिकरण और विभिन्न क्षेत्रीय खानपान की समृद्ध परंपराओं को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर लखपति दीदी के कुछ लाभार्थियों ने अपनी सफलता की कहानी आईएएनएस के साथ साझा की। लाभार्थी मानती देवनाथ ने कहा कि हमारे लिए यह योजना वरदान साबित हुई है। प्रधानमंत्री मोदी के इस प्रयास के कारण ही हम लखपति बने हैं और अपनी जिंदगी में बदलाव ला पाए हैं। आज हम अपने पैरों पर खड़े हैं, यह सब पीएम मोदी की मदद से ही संभव हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि हमें अपनी पहचान बनाने का अवसर मिला, हम उन्हें दिल से शुक्रिया अदा करते हैं। सानवी नाम की एक अन्य लाभार्थी ने कहा कि हम सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करना चाहते हैं। पहले हम घर से बाहर भी नहीं निकलते थे, लेकिन अब हम अपने पैरों पर खड़े होकर जीवन जी रहे हैं। लखपति दीदी योजना ने हमें आत्मनिर्भर बनने का एक सुनहरा मौका दिया है। एक अन्य लाभार्थी ने कहा कि हमें इस योजना का लाभ मिलने के बाद जो आत्मविश्वास मिला है, वह अविश्वसनीय है। हम अपने समुदाय की अन्य महिलाओं को भी यह समझाने की कोशिश करते हैं कि अगर वे खुद पर विश्वास करें, तो किसी भी स्थिति से बाहर निकल सकती हैं। पीएम मोदी को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि हम महिलाओं के लिए जो ऊंचाइयां मोदी जी ने तय की हैं, वह हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। लखपति दीदी योजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय सहायता, प्रशिक्षण और मार्केटिंग सहयोग प्रदान किया जाता है, ताकि वे अपने व्यावसायिक कौशल को विकसित कर सकें। इस योजना के जरिए देश भर में लाखों महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है।

# भारत के कुश मैनी ने फॉर्मूला2 कंस्ट्रक्टर्स चैंपियनशिप जीतकर रचा इतिहास

**अबुधाबी, एजेंसी।** भारतीय ड्राइवर कुश मैनी ने यहां एफ2 कंस्ट्रक्टर्स रेस जीतकर भारतीय खेलों में नया इतिहास रचा।



वह एफआईए कंस्ट्रक्टर्स विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले देश के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। मैनी के लिए फार्मूला2 में यह सत्र शानदार रहा। इससे पहले वह इस रेस में पोल पोजीशन हासिल करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने थे। मैनी ने इनविक्टा रेसिंग की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह टीम इस सत्र में पांच बार पोडियम पर पहुंची, जिसमें हंगरी में पहला स्थान हासिल करना भी शामिल है।

इस भारतीय ड्राइवर ने जेद्दा में पोल पोजीशन हासिल की थी। इस तरह से उन्होंने अपनी टीम के अभियान की शानदार नींव रखी, जिसका मैनी की पूर्व टीम कैम्पोस रेसिंग पर 34.5 अंकों के अंतर से जीत के साथ समापन हुआ।

# गेंदबाजी के बाद अब बल्लेबाजी में भी छाए शमी

## मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेली 32 रन की शानदार पारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को बेंगलुरु में चंडीगढ़ के खिलाफ चल रहे सैयद मुश्ताक अली प्री क्वार्टर फाइनल में बंगाल के लिए 17 गेंदों में नाबाद 32 रनों की शानदार पारी खेली। शमी ने डेथ ओवरों में चंडीगढ़ के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए तीन चौके और दो शानदार छक्के लगाए। 16वें ओवर में जब बंगाल का स्कोर 8 विकेट पर 114 रन था, तब शमी आए और उन्होंने तलवार की तरह अपना बल्ला घुमाया और विपक्षी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाई।

उनकी पारी 188.24 के शानदार स्ट्राइक रेट से आई और उन्होंने बंगाल को मुश्किल स्थिति से 9 विकेट पर 159 रन तक



पहुंचाया।


शमी बंगाल के लिए खेल में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि करण लाल ने 25 गेंदों में 33 रन की पारी खेली।

प्रदीप्त प्रमाणिक ने 24 गेंदों पर 30 रन बनाए, जबकि रितिक चटर्जी ने 12 गेंदों पर 28 रन बनाए, जिसमें चंडीगढ़ द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद बंगाल ने 159 रन बनाए। शमी के ऑस्ट्रेलिया में चल मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के अंतिम दो टेस्ट के लिए उपलब्ध होने की संभावना है।

हालांकि अनुभवी खिलाड़ी को अभी भी एनसीए की मेडिकल टीम से फिटनेस क्लीयरेंस नहीं मिली है, जो औपचारिकता का मामला है।

**खो-खो विश्व कपः**

# मेजबानी के लिए तैयार भारत मंगलवार से शुरू होगा प्रशिक्षण शिविर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने भारत की मेजबानी में खो-खो विश्व कप का आयोजन होना है। इससे पहले भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई), भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और खेल मंत्रालय ने प्रशिक्षण शिविर के आयोजन का फैसला लिया है। सोमवार को केकेएफआई के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि विश्व कप से पहले राष्ट्रीय टीम की तैयारियों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा। इसमें प्रदर्शन के आधार पर खो-खो विश्व कप में भाग लेने के लिए 15 पुरुष खिलाड़ी और इतने ही महिला खिलाड़ियों का राष्ट्रीय टीम के लिए चयन किया जाएगा।

## मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे प्रशिक्षण शिविर की देखरेख

भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार यानी 10 दिसंबर से जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शुरु होगा। एक महीने तक चलने वाले इस शिविर की देखरेख भारतीय टीम के मुख्य कोच अश्विनी शर्मा करेंगे।

इसमें देश भर से चुने गए 60 पुरुष और इतनी ही महिला खिलाड़ियों को टीम भावना विकसित करने, कौशल बढ़ाने, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम बॉन्डिंग बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अनुभवी और नए युवा खिलाड़ियों को खेल विशेषज्ञों द्वारा पोल डाइविंग, टैपिंग, जिग जैग रनिंग, डाजिंग टैपिंग आदि बारीकियां सिखाई जाएंगी।

## प्रशिक्षण के साथ-साथ खिलाड़ियों को ये सुविधाएं भी देगा केकेएफआई

खो-खो विश्व कप का आयोजन 13 से 19 जनवरी तक नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में होगा। सुधांशु मित्तल ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर की औपचारिक शुरुआत से पहले दो दिनों के दौरान खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति के लिए सभी आवश्यक चिकित्सा परीक्षण किए जाएंगे। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था जवाहर लाल नेहरू साई छात्रावास में की जाएगी।

सभी खिलाड़ियों को निशुल्क आवास सुविधा तथा 20,000 रुपये के मूल्य की खेल किट उपलब्ध कराई जाएगी।



# टाटा स्टील 25 केः पुरुषों में गुलवीर-सवाण और महिलाओं में संजीवनी करेंगी भारत का नेतृत्व, रविवार को प्रतियोगिता

**कोलकाता, एजेंसी।** टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस में इस बार पुरुषों का नेतृत्व 10000 मीटर और 5000 मीटर राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और डिफेंडिंग चैंपियन सवाण बरवाल करेंगे। जबकि महिलाओं में फॉर्म में चल रही संजीवनी जाधव भारतीय एलीट महिलाओं की श्रेणी का नेतृत्व करेंगी। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के गोल्ड लेबल रेस 15 दिसंबर होगा। उल्लेखनीय है कि टाटा स्टील वर्ल्ड 25के को इस दूरी पर विश्व का पहला वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। इस प्रतियोगिता की एलीट में 27 पुरुष जबकि 13 महिलाएं आगामी रविवार कोलकाता के रेड रोड में मुकाबला करेंगी।

आराम कोलकाता सोनार कोलकाता हैस टैक के तहत रन का आयोजन किया जा रहा है। भारत के कुछ बेहतरीन एथलीट्स इस यूएस डॉलर 142,214 पुरस्कार राशि वाली रेस में केंद्र में होंगे। भारतीय एलीट पुरुषों और महिलाओं के विजेताओं के लिए समान पुरस्कार राशि होगी, जिसमें प्रत्येक रेस के पहले तीन स्थान पर आने वालों को क्रमशः 2,75,000, 2,00,000 और 1,50,000 रुपए मिलेंगी। भारतीय एलीट पुरुष और महिला धावकों को इवेंट रिकॉर्ड बोनस के रूप में 1,00,000 रुपए भी मिलेगा। उल्लेखनीय है कि आविनाश साबले के पास भारतीय एलीट पुरुषों की श्रेणी में मौजूदा इवेंट रिकॉर्ड है, जिसका समय 1:15:17 है, और एल. सुरिया के पास भारतीय एलीट महिलाओं का रिकॉर्ड है, जिसका समय 1:26:53 है।

**फॉर्म में चल रहे हैं गुलवीर**

पुरुषों की मजबूत टीम का नेतृत्व वर्तमान में सनसनी बने हुए गुलवीर सिंह करेंगे, जो शानदार फॉर्म में हैं। वे वर्तमान 5000 मीटर (13:11:82) और 10,000 मीटर (27:14:88) के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं, और हाल ही में हांगकांग में आयोजित 17वें एशियाई क्रॉस-कंट्री चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल भी जीत चुके हैं।

**जूनियर महिला हॉकीः**

# एशिया कप के पहले मैच में भारत की जीत, बांग्लादेश को 13-1 से हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप गेम में मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपना खिताब बचाने के अलावा अगले साल चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की भी उम्मीद कर रही है। मुमताज खान के चार गोल के अलावा कनिका सिवाच और दीपिका की हैट्रिक की मदद से गत चैंपियन भारत ने रविवार को महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में बांग्लादेश को 13-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। पूल ए के मैच में विजेता टीम के लिए मुमताज (27वें, 32वें, 53वें, 58वें), कनिका (12वें, 51वें, 52वें), दीपिका (7वें, 20वें, 55वें), मनीषा (10वें), ब्यूटी डुंग डुंग (33वें) और उप कप्तान साक्षी राणा (43वें) ने गोल दागे जबकि बांग्लादेश की ओर से ओरपिता पाल (12वें) ही एकमात्र गोल करने वाली खिलाड़ी रहीं। भारत ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा और आराम से जीत दर्ज की।

भारत सोमवार को अपने दूसरे ग्रुप गेम में मलेशिया से भिड़ेगा। टीम अपना खिताब बचाने के अलावा अगले साल चिली के सैंटियागो में होने वाले जूनियर विश्व कप के लिए सीधे क्वालिफाई करने की भी उम्मीद कर रही है। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीम को विश्व कप में सीधे प्रवेश मिलेगा।



# साउथ अफ्रीका ने श्रीलंका को 109 रन से हराया

सीरीज 2-0 से जीती, बावुमा प्लेयर ऑफ द सीरीज

**केनबरा, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट में श्रीलंका को 109 रन से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने दो मैचों की सीरीज को 2-0 से जीत लिया है। केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में टेम्बा बावुमा की टीम ने 348 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में श्रीलंका 238 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की पॉइंट्स टेबल में ऑस्ट्रेलिया को पीछे छोड़ नंबर-1 पर कब्जा जमा लिया है। पांचवें दिन श्रीलंका को 143 रन की जरूरत थी। जबकि साउथ अफ्रीका को 5 विकेट चाहिए थे। लेकिन टीम अपने कल के स्कोर 205 रन में मात्र 33 रन जोड़ सकी और ऑलआउट हो गई। प्रोटियाज टीम से केशव महाराज ने 5 विकेट लिए।

डेन पैटरसन ने मैच में 7 विकेट लिए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं 2 मैच में 327 रन बनाने वाले कप्तान बावुमा को प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब मिला।

श्रीलंका के कप्तान धनंजय डी सिल्वा के अलावा बाकी बल्लेबाज पूरी तरह से फ्लॉप रहे। सिल्वा ने 92 बॉल पर 50 रन की पारी खेली। विकेटकीपर कुसल मेंडिस ने 46 रन बनाए। आखिरी के 4 बल्लेबाज मिलकर 15 रन ही जोड़ सके। स्पिनर केशव महाराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लिए।

**बावुमा ने फिफ्टी लगाई**

चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 191/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 36 और कप्तान टेम्बा बावुमा ने 48 रन के स्कोर से अपनी पारी आगे बढ़ाई।

**चेसः**

# गत चैंपियन लिरेन के खिलाफ बढ़त बनाने के बाद आया गुकेश का बयान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुकेश ने कहा, पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया।

भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैंपियनशिप के 11वें दौर में गत चैंपियन डिंग लिरेन को हराने के बाद रविवार को कहा कि पहली बाजी गंवाने के बाद उन्होंने मानसिक मजबूती दिखाई जिससे वह पलटवार करके वापसी करने में सफल रहे। गुकेश ने कहा, पहली बाजी में हार झेलने के बाद मुझे मानसिक मजबूती दिखाने की जरूरत थी। विश्व चैंपियनशिप की पहली बाजी गवाना अच्छा नहीं माना जा सकता है लेकिन मैंने पलटवार किया और इसके बाद अच्छी शतरंज खेली।

गुकेश पहली बाजी हार गए थे लेकिन उन्होंने तीसरी बाजी जीत कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया था। इसके बाद लगातार सात बाजी ड्रॉ रही लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अब 6-5 की बढ़त हासिल करके खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा कि वापसी करवाने में उनकी टीम की भूमिका बहुत अहम रही और जोखिम उठाने का अपने फायदा मिला।

भारतीय खिलाड़ी ने कहा, इस बीच मुझे वापसी दिलाने के लिए मेरी टीम ने बहुत अच्छा काम किया।

मैं यही सोच रहा था कि यह मुकाबला बेहद दिलचस्प है और मुझे जोखिम उठाने का भी फायदा मिला क्योंकि इससे मैंने उसे निश्चित तौर पर हैरानी में डाल दिया। गुकेश ने यह मानने से इनकार कर दिया कि चीन का खिलाड़ी 11वीं बाजी में भी ड्रॉ के लिए खेल रहा था। उन्होंने कहा, मैं नहीं मानता कि मेरा प्रतिद्वंदी अंक बांटने के लिए खेल रहा था। इस मुकाबले में वह भी कुछ अवसरों पर बेहतर स्थिति में था। यह 14 दौर का मुकाबला है और आप शुरू में ही इसे टाइब्रेक तक ले जाने की योजना नहीं बना सकते हैं क्योंकि शतरंज में गलतियां हमेशा होती हैं। यह मुकाबला अभी तक उतार चढ़ाव वाला रहा है।

## बांग्लादेश के खिलाफ वॉर्नर पार्क में किया बड़ा चेज

# वेस्टइंडीज ने दमदार जीत से की वनडे सीरीज की शुरुआत

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत के साथ शुरुआत की है। टीम ने वॉर्नर पार्क में खेले गए पहले मैच में पांच विकेट से जीत हासिल की। इस जीत को हासिल करने के लिए टीम ने वॉर्नर पार्क स्टेडियम में सबसे बड़ा चेज किया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उन्होंने 50 ओवर में छह विकेट खोकर 294 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 14 गेंद रहते हुए जीत हासिल कर ली। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने सौम्य सरकार का विकेट महज 19 रन पर खो दिया। इसके बाद लिटन दास भी दो रन बनाकर



लौट गए। यहां से तनजिद हसन और मेहदी हसन ने पारी को संभाला। तनजिद के आउट होने के बाद महमुदुल्लाह ने भी अर्धशतकीय पारी खेली और जाकेर अली के साथ भी अहम साझेदारी की। वेस्टइंडीज की ओर से रोमारियो शेफर्ड ने तीन, अल्जारी जोसेफ ने दो और जेडन सील्स ने एक विकेट हासिल किया। 295 के लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 27 रन के कुल स्कोर पर ही दो विकेट खो दिए थे। ब्रैंडन किंग ने 9 और इविन लुइस ने 16 रन बनाए। यहां से कप्तान शे होप क्रीज पर टिके। उन्होंने पहले कैसी कार्टी और फिर शरफेन रदरफोर्ड के साथ अहम साझेदारी की।

# अगले 24 घंटे में पता चल जाएगा कि तीसरा टेस्ट मैच खेलूंगा या नहींः हेजलवुड

**एडिलेड, एजेंसी।** 'साइड स्ट्रेन से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने सोमवार को यहां एडिलेड ओवल में दो पूरे स्पेल गेंदबाजी करने के बाद कहा कि अगले 24 घंटे में यह पता चल जाएगा कि वह भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट मैच में खेल पाएंगे या नहीं। हेजलवुड चोटिल होने के कारण यहां खेले गए दिन रात्रि टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच तीसरे दिन ही 10 विकेट से जीत लिया था। इससे हेजलवुड को मैच की परिस्थितियों में गेंदबाजी करने का मौका मिला।

तीसरा टेस्ट मैच शनिवार से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा। हेजलवुड ने कहा, 'मेरा तीसरे टेस्ट मैच में खेलना अगले 24 घंटे में मेरी फिटनेस की प्रगति



पर निर्भर करेगा। निश्चित तौर पर दो स्पेल गेंदबाजी करना काफी अंतर पैदा करते हैं। उन्होंने कहा, 'अभी कुछ छोटी-छोटी चीज हैं जिन पर प्रगति हासिल करना बाकी है लेकिन अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण है। अगले दिन फिर से गेंदबाजी करना और यह सोचना महत्वपूर्ण है कि मैं फिर से गेंदबाजी करने के लिए तैयार हूं।

इस अनुभवी तेज गेंदबाज का साइड स्ट्रेन का पुराना रिकॉर्ड रहा है लेकिन उन्होंने कहा कि अगर एडिलेड टेस्ट वर्तमान सत्र का आखिरी टेस्ट होता तो वह इसमें जरूर खेलते। हेजलवुड ने कहा, 'यह जरूरी नहीं है कि यह सामान्य साइड स्ट्रेन हो जिससे मैं पहले भी जूझ चुका हूं, इसलिए हम किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहते थे।

# मोहम्मद सिराज को ट्रेविस हेड से एडिलेड टेस्ट में लड़ाई पड़ी भारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एडिलेड टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मुकाबले के दौरान काफी गर्मा-गर्मी हुई. इस पिंक बॉल टेस्ट के दौरान सिराज काफी आक्रामक नजर आए. मार्नस लाबुशेन के बाद उनकी ट्रेविस हेड से भी लड़ाई हो गई थी. इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के फैंस उनके पीछे पड़ गए और उन्हें चिढ़ाने लगे थे. पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी और मीडिया भी उनकी आलोचना करती नजर आई.

हालांकि, सिराज ने हेड के आरोपों को बाद में खारिज किया और उन्हें झूठा बताया था. अब उनकी लड़ाई का मामला आईसीसी तक पहुंच गया है और वह दोनों खिलाड़ियों पर एक्शन भी लेने वाली है.

## आईसीसी लेगी ये एक्शन

रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी ने अब इस मामले को संज्ञान में लिया है और दोनों खिलाड़ियों को अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए बुलाया है. इस दौरान वह दोनों का पक्ष सुनेगी. हालांकि, दोनों ही खिलाड़ियों चिंता करने की बात नहीं है, क्योंकि उन्हें किसी भी तरह का सस्पेंशन नहीं झेलना पड़ेगा. रिपोर्ट के मुताबिक, जो फुटेज कैमरे में कैद हुए हैं, उसके लिए आईसीसी के कोड ऑफ कंडक्ट में बहुत कम सजा है. बता दें एडिलेड में हुए पिंक बॉल टेस्ट के दूसरे दिन




सिराज और हेड के बीच जुबानी जंग देखने को मिली थी. हेड ने 140 रन ठोक दिए थे, जिसके बाद सिराज ने उन्हें स्विंगिंग यॉर्कर पर बोल्ड करके पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था. इसके बाद दोनों आपस में भिड़ गए थे.

हेड ने आउट होने बाद कुछ कहा, जिस पर सिराज ने रिएक्ट करते हुए कुछ बोला और ड्रेसिंग रूम की तरफ इशारा करते हुए सेंड ऑफ दिया. साथ ही वह एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते हुए भी दिखे थे. एडिलेड हेड का होम ग्राउंड है. इस मैदान पर उनके साथ ऐसा बर्ताव देख ऑस्ट्रेलियाई फैंस बाउंड्री लाइन पर सिराज को चिढ़ाने लगे थे.

## किसने-किसको दी गाली?

दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद हेड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ने ऐसा दावा किया था कि उन्होंने सिराज को अच्छी गेंद के लिए तारीफ की थी. लेकिन बदले में अपशब्द सुनने को मिला.

वहीं सिराज ने तुरंत उनकी बात को गलत ठहराया था. उन्होंने दावा किया कि पहले हेड ने गाली दी, जिसके बदले में उन्होंने भी एग्रेसिव रिएक्शन दिया. हालांकि, दोनों खिलाड़ी खेल के तीसरे दिन मामले को सुलझाते हुए नजर आए थे. सिराज ने अपनी बैटिंग के दौरान हेड से बातचीत की थी और गलतफहमी को खत्म करने की कोशिश की थी.

# आगामी समय में बूथ स्तर पर पंहुचकर संगठन को मजबूत करेगें: यादव

**आगामी विधानसभा घेराव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठ्क संपन्न, सह प्रभारी प्रदेश महा सचिव, सचिव तथा वरिष्ट कांग्रेसी हुए शामिल**



**पन्ना।** पन्ना जिले मे पार्टी का संगठन बूथ स्तर तक मजबूत किया जायेगा, तथा निचले स्तर से लेकर सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा। पार्टी को फिर से हर स्तर तक मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास होगें। यह रणनीति प्रदेश स्तर से बन रहीं है। प्रदेश में अराजक्ता का माहोल फैला हुआ है, आम जनता, गरीब, मजदूर, भ्रष्टाचारी, बेरोजगारी से परेशान है। जिसके लिए कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर विधानसभा तथा संसद तक लड़ाई लडेगी। आगामी 16 दिसम्बर को प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन का आयोजन पार्टी द्वारा किया गया है, जिसमें विधानसभा का घेराव किया जायेगा, प्रत्येक जिले से हजारो कार्यकर्ता उक्त घेरा कार्यक्रम में भोपाल पंहुचेगें तथा आम जनता के मुद्दो को लेकर आवाज बुलंद करेगें। उक्त घेरा कार्यक्रम में पन्ना जिले की मजबूत भागेदारी होनी चाहिए। उक्ताश्य की बात पूर्व विधायक तथा पन्ना जिले के प्रभारी संजय यादव नें स्थानीय मैरिज गार्डन में आयोजित बैठक को संबोंधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होने कहा कि पन्ना जिले के जावाज कार्यकर्ता हमेशा पार्टी के कार्यक्रमों के बड़चढ़ कर हिस्सा लेते रहें है। इस लिए इस आयोजित कार्यक्रम में भी पन्ना जिले की मजबूत भागेदारी रहेगी। उन्होने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा क्षेत्रीय सांसद वीडी शर्मा के मुंह पर भी तमाचा होगा जब पन्ना जिले के सैकड़ो कार्यकर्ता आयोजित घेरव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिती दर्ज करायेगें। उक्त बैठक को सह प्रभारी राजभान पटेल नें सबोंधित करते हुए कहा हमें अनुशासन के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जोश भरने का लगातार प्रयास करना है तथा आम जनता को मुद्दो की लड़ाई लडनें में आगें रहना है। क्योकि जनता का पूर्व विधानसभा चुनाव में भी पूरा सहयोग मिला, हार-जीत चुनाव में होती रहती है, और मजबूती से आंगे बढना है। बैठक को जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा ने संबोंधित करते हुए कहा कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का सहयोग मिल रहा है, इसी के बल पर जिले में पार्टी का संगठन मजबूत हुआ है, सभी ब्लाक अध्यक्षों, मोर्चा कार्यकर्ताओं, विभाग प्रमुखो द्वारा लगातार पार्टी के कार्यक्रमो को सफल बनाया जा रहा है। कार्यकर्ताओ का ही सहयोग है कि हम जिला कांग्रेस का कार्यालय का निर्माण कराने में सफल हो रहें है। बैठक को प्रदेश महासचिव वीरेन्द्र द्विवेदी नें सबोंधित करते हुए कहा कि हमें किसी भी तरह से निराश होने की जरूरत नहीं है, कांग्रेस पार्टी पहले भी मजबूत थी आज भी मजबूत है सिर्फ एक जुटता के साथ आंगे बढना है। इसके अलावा अन्य लोगो ने भी बैठक को संबोंधित किया। बैठक में जिले भर से पार्टी पदाधिकारी, संगठन पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी, प्रदेश सचिव जीवन लाल सिद्धार्थ, पूर्व प्रत्याशी भरत मिलन पान्डेय, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष पवई माखन पटेल, अमानगंज भभूत सिंह राजपूत, गुनौर अरूण बबलू गौतम, अजयगढ़ दादूराम मिश्रा, पन्ना अक्षय तिवारी, शाहनगर सालिगराम गौतम, जिला पंचायत सदस्य रावेन्द्र सिंह मुन्ना राजा, अनीष खान, दीपक दास, अरूण पाल सिंह, राकेश गर्ग, सेवालाल पटेल, डॉक्टर कदीर खान, सेवादल अध्यक्ष राम बहादुर द्विवेदी, वरिष्ट कांग्रेस नेता देवेन्द्र यादव, मनीष मिश्रा, गोविन्द परोंहा, पुरषोत्तम जड़िया, केशरी अहिरवार, मार्तदण्ड देव बुन्देला, शशिकांत दीक्षित, दीपक तिवारी, छोटे दीक्षित, वैभव थापक, जगदीश यादव, राजू लोधी, रवी यादव, रामहित शर्मा, भूपेन्द्र परमार, रहीमा खातुन, दादा पटेल, प्रहलाद यादव, जयराम यादव, देवू गोड़, अभीषेक चौरसिया, जीतू यादव, संजय पटेल, रियासत खान, सरदार यादव, राहत अली, आशीष बागरी, कुलदीप सिंह, सनी राजा, राम मिलन चौधरी, धूराम चौधरी, बाल किशोर शर्मा, बृजेन्द्र सिंह, नरेन्द्र विश्वकर्मा, राम लाल पटेल, राकेश शर्मा सहित सैकड़ो कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी शामिल रहें। इस दौरान जिला प्रभारी संजय यादव द्वारा निर्माणाधीन कांग्रेस कार्यालय के लिए अपनी ओर से ग्यारह हजार रूपये नगद राशि का सहयोग भी दिया। नव नियुक्त प्रदेश महासचिव वीरेन्द्र द्विवेदी तथा जीवन लाल सिद्धार्थ का साल श्री फल से उपस्थित प्रभारी तथा जिला अध्यक्ष द्वारा सवागत भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष राज बहादुर पटेल के द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 26 जनवरी तक मनाया जाएगा

**मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश**



**पन्ना।** प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आगामी 11 से 26 दिसम्बर तक जनकल्याण पर्व मनाया जाएगा, जबकि विभिन्न शासकीय विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं से पात्रजनों को लाभांवित करने के उद्देश्य से 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान संचालित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को व्हीसी के जरिए उक्त दोनों महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों के संबंध में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए चर्चा कर आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए। इस मौके पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में पूर्व मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुरेश कुमार एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि युवा, महिला, किसान और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ जन-जन तक विकास की योजनाएं पहुंचाई जाएंगी। 16 दिवसीय जनकल्याण पर्व में नागरिकों की सहभागिता से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में उत्साह के साथ एवं अनुकूल व सकारात्मक माहौल में स्थानीय स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। शासन की उपलब्धियों के बारे में लोगों को विभिन्न माध्यमों से जागरूक करें और पंचायत स्तर तक भी व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

इसी तरह जनकल्याण अभियान में 34 हितग्राहीमूलक एवं 11 लक्ष्य आधारित योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए शिविर लगाकर लोगों को लाभ प्रदान किया जाए। इस अभियान में लोक हितकारी 63 सेवाओं का शिविरों के माध्यम से लाभ मिल सकेगा। योजनाओं में वंचित पात्र हितग्राहियों का घर-घर सर्वे कर चिन्हांकन के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर और नगरीय निकायों के वार्डों में आयोजित कैंप की मॉनीटरिंग व्यवस्था सहित शासकीय सेवकों की ड्यूटी निर्धारित कर ली जाए। उन्होंने 15 दिसम्बर तक चलने वाले राजस्व महाअभियान 3.0 को 26 जनवरी 2025 तक बढ़ाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक हितग्राही तक योजनाओं का लाभ विशेषकर वंचित वर्ग के एवं जरूरतमंद व्यक्ति को प्राथमिकता से शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाए।

# कलेक्टर ने किसान पंजीयन कार्य में लापरवाही पर निरस्त किया खरीदी केन्द्र, नोटिस जारी

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर किसानों से धान उपार्जन के लिए रैपुरा तहसील में स्थापित दो खरीदी केन्द्रों को लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है। साथ ही प्राथमिक कृषि साख समिति फतेहपुर के समिति प्रबंधक सियाराम लोधी, सहायक समिति प्रबंधक रामप्रकाश तिवारी एवं पंजीयन केन्द्र क्रमांक 01 फतेहपुर के कम्प्यूटर ऑपरेटर सुजान लोधी तथा पंजीयन केन्द्र क्रमांक 02 रैंपुरा के कम्प्यूटर ऑपरेटर राजेश लोधी को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी 12 दिसम्बर को सुबह 11 बजे समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। समयावधि में जवाब प्रस्तुत न करने अथवा समाधानकारक जवाब नहीं पाए जाने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए संबंधित स्वयं उत्तरदायी होंगे। कारण बताओ सूचना पत्र के माध्यम से संबंधितों एवं समिति के विरूद्ध अनुशासनात्मक एवं अन्य युक्तियुक्त कार्यवाही प्रस्तावित करने की चेतावनी दी गई है। रैपुरा तहसील अंतर्गत फतेहपुर समिति के दो पंजीयन केन्द्र में लापरवाही से स्पष्ट है कि गलत पंजीयन बहुतायत संख्या में उक्त समिति के पंजीयन केन्द्र से ही संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि किसान पंजीयन कार्य में गड़बड़ी और अनियमितताओं के संबंध में शिकायत प्राप्त होने पर एसडीएम शाहनगर से जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन और ई-उपार्जन पोर्टल में प्रदर्शित रिपोर्ट अनुसार पंजीयन केन्द्र में किसान पंजीयन में अनियमितता प्रमाणित पाई गई। साथ ही पंजीयन केन्द्र क्रमांक 01 फतेहपुर में पंजीयन के दौरान वरिष्ठ कार्यालय एवं अधिकारी को अवगत कराए बगैर 99 किसानों के तथा पंजीयन केन्द्र क्रमांक 02 रैंपुरा में 127 पंजीयन निरस्त किए गए हैं।

# 86 नग हीरों की हुई नीलामी

**पन्ना।** कलेक्टर कार्यालय में तीन दिवसीय हीरा नीलामी की प्रक्रिया शुक्रवार को संपन्न हो गई। नीलामी में 230.81 कैरेट वजन के 86 नग हीरों का विक्रय 5 करोड़, 38 लाख, 62 हजार 233 रूपए में किया गया। इससे 61 लाख 94 हजार 156 रूपए की राजस्व रायल्टी भी प्राप्त होगी। हीरा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी अनुसार 69.32 कैरेट वजन के 41 नग हीरों का शासकीय बोली प्राप्त न होने के कारण इन्हें आगामी हीरा नीलामी में रखा जाएगा। हीरा नीलामी में सबसे महंगा हीरा 32.80 कैरेट वजन का 6 लाख 76 हजार रूपए के भाव से कुल 2 करोड़ 21 लाख 72 हजार 800 रूपए में विक्रय किया गया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशानुसार उथली हीरा खदानों से प्राप्त हीरों का घोष विक्रय 4 से 6 दिसम्बर 2024 तक संपन्न किया गया। नीलामी में 300.13 कैरेट वजन के 127 नग हीरों का प्रदर्शन किया गया था।

# ककरहटी के किसानों का दर्द, धान उपार्जन केंद्र की अनुपस्थिति से परेशान

**पन्ना।** ककरहटी क्षेत्र में किसान आजकल एक गंभीर संकट का सामना कर रहे हैं। उनके लिए खेती का हर दिन एक संघर्ष बन गया है, और उनकी मेहनत की उपज को सही दाम पर बेचने के लिए वे सरकार से समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं। इस वर्ष ककरहटी में धान उपार्जन केंद्र की अनुपस्थिति ने किसानों को बुरी तरह से प्रभावित किया है, जो कि पहले से ही आर्थिक दबाव में हैं। किसान अपनी धान की फसल को बेचने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं का समाधान कहीं भी नजर नहीं आ रहा। जिले में अन्य जगहों पर धान उपार्जन केंद्र 2 दिसंबर से शुरू हो गए हैं, लेकिन ककरहटी का पैक्स गोदाम अभी भी वीरान पड़ा है। हजारों किसानों की मेहनत की उपज को बेचने के लिए कोई उचित स्थान नहीं मिल पा रहा है। ककरहटी क्षेत्र में धान की पैदावार हमेशा से पन्ना जिले में सबसे ज्यादा रही है, और 2010 से लेकर अब तक यहां हर वर्ष धान उपार्जन केंद्र बनाए जाते रहे हैं। परंतु इस बार, शासन द्वारा किसी प्रकार की तैयारी नहीं की गई है, और ककरहटी में अब तक उपार्जन केंद्र स्थापित नहीं किया गया है। पिछले वर्ष, यहां 68,000 क्विंटल धान खरीदी गई थी, और आमतौर पर हर साल 40-50 हजार क्विंटल धान की खरीदी होती रही है। किसानों ने बताया कि वे निरंतर कलेक्टर पन्ना से अनुरोध कर रहे हैं कि ककरहटी में उपार्जन केंद्र जल्दी से जल्दी खोला जाए, ताकि किसानों को अपनी फसल बेचने में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा, ककरहटी के आसपास के गांवों जैसे गढ़ी पड़रिया, रानीपुरा, देवरीगढ़ी, रनवाहा, मखरा, समाना, मुराज, मोहनपुरा, सरहजा, मथुरापुर, घटारी, बिल्हा, अमचुई, सकरिया, हनुमतपुरा, हिनोता ढेडा, भटकवा उड़की और अन्य दर्जनों गांवों के किसानों के लिए यह संकट और भी गहरा हो गया है। यहां के किसान पूरी तरह से शासन के फैसले का इंतजार कर रहे हैं, ताकि उनकी मेहनत का सही मूल्य मिल सके और उन्हें अपनी धान की फसल बेचने के लिए न भटकना पड़े। जब सरकार की ओर से कोई सहायता नहीं मिल रही है, तो किसानों का असंतोष और बढ़ता जा रहा है। अगर स्थिति में जल्द बदलाव नहीं आया, तो किसानों की परेशानी और अधिक बढ़ सकती है, और इससे किसान अपनी नाराजगी और आक्रोश को कहीं और व्यक्त कर सकते हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या शासन इस समस्या का समाधान करेगा? क्या ककरहटी में धान उपार्जन केंद्र जल्दी से जल्दी खोला जाएगा ताकि किसानों की परेशानी खत्म हो सके? ककरहटी के किसान पूरी उम्मीद के साथ शासन से त्वरित कार्यवाही की अपील कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा डी.पी.टी और टी.डी. टीकाकरण अभियान

**पन्ना।** डिप्थीरिया (गलघोंटू) की रोकथाम व बचाव के लिए स्कूल जाने वाले बच्चों को एक नवंबर से डिप्थीरिया-पर्ट्यूसिस-टिटनेस (डीपीटी) व टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाने का विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। सीबीएमओ डॉ.अभिषेक जैन ने बताया कि स्कूल आधारित विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान जिले के सभी सरकारी व निजी क्षेत्र के स्कूलों में चलाया जा रहा है। उन्होंने अपील की है कि स्कूल के प्रधानाचार्य व अध्यापक इस अभियान में रुचि दिखाएं, जिससे यह अभियान शत-प्रतिशत सफल बनाया जा सके। टीकाकरण के लिये लिखित असहमति व्यक्त करने वाले अभिभावक के बच्चों को छोड़कर शेष का टीकाकरण किया जाएगा। असहमत अभिभावकों को भी उनके बच्चे के टीकाकरण के लिये प्रेरित किया जायेगा। अभियान के दौरान पड़ने वाले नियमित टीकाकरण प्रत्येक गुरुवार को शालेय टीकाकरण दिवस के रूप मे मनाया जाना है, जिसमे सभी स्कूल जाने वाले एवं स्कूल न जाने वाले एवं अन्य डीपीटी सेकेंड बूस्टर, टीडी प्रथम एवं टीडी बूस्टर डोज़ वैक्सीन से छूटे हुये बच्चों को भी ड्यू टीके से आच्छादित किया जायेगा। सभी अभिभावकों से अपील है की वो सभी अपने 5 वर्ष के बच्चों को डी.पी.टी. एवं 10 और 16 वर्ष के किशोर किशोरी टी.डी टीकाकरण अवश्य करवाए और यू विन पोर्टल मे इस टीकाकरण की एंट्री करवाए।

# बेशर्मी की सारी हदें पार, आबकारी विभाग की खुलेआम मनमानी

**अमानगंज।** अमानगंज कटनी पन्ना रोड पर पुराने बस स्टैंड स्थित आबकारी विभाग के बेयरहाउस के सामने निरंतर लंबे समय से शराब की गाड़ियां आकर माल उतारती हैं जो घंटों वेयरहाउस के सामने खड़ी होती हैं जिसके चलते आवागमन में निरंतर अव्यवस्था फैल रही है और इस विषय पर स्थानीय कर्मचारी पूरी उदासीनता दिखा रहे हैं ज्ञात हो कि यह सड़क मार्ग अत्यंत व्यस्ततम होता है और जिस जगह पर यह बेयरहाउस स्थित है उसके आसपास कई वाहन छोटे बड़े किनारों में खड़े हो जाते हैं जिसके कारण और भी असुविधा हो जाती है इसी बीच वहां वेयर हाउस के सामने एक वाहन से दूसरे वाहन में घंटों शराब पलटी होती रहती है, जिसके कारण वाहनों की क्रॉसिंग में परेशानी होती है और स्वत: ही लंबे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है जबकि होना यह चाहिए कि गोदाम में शराब लेकर आए वाहन से उतारकर पहले शराब वेयरहाउस में रखवानी चाहिए उसके बाद शासकीय शराब दुकानों के वाहनों में माल लोड होकर जाना चाहिए लेकिन मामूली सी पल्लेदारी खर्च बचाने के चक्कर में आबकारी कर्मचारी बीच रोड में दोनों गाड़ियां खड़ी कर शराब लेकर आए वाहन से शराब दुकानों तक ले जाने वाले वाहनों में पलटी का कार्य किया जाता है। जिससे लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रहती है और सड़क दुर्घटनाएं भी इसी बीच घटित हो जाती हैं कई बार इस दिशा में स्थानीय मीडिया ने शासन प्रशासन का ध्यान समाचार पत्र के माध्यम से आकृष्ट कराया परंतु उचित कार्यवाही ना होने से यह व्यवस्था जस की तस बनी हुई है।

# सीएम राइज स्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार 16 दिवसीय एक्टीविजम-लिंग आधारित हिंसा के उन्मूलन के लिए हम होंगे कामयाब अभियान की शुरूआत 25 नवम्बर से की गई है। मानव अधिकार दिवस तक चलने वाले इस अभियान के तहत 10 दिसम्बर को अभियान का समापन होगा। अभियान के तहत पन्ना जिला मुख्यालय पर निरंतर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस क्रम में आज सीएम राइज स्कूल पन्ना में प्राचार्य जयकरण पटेल के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कविता पाण्डेय सहित शहरी परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता, महिला थाना की प्रधान आरक्षक दुर्गा दहायत, सिटी कोतवाली थाना एवं निर्भया मोबाइल यूनिट से कल्पना बागरी ने महिला एवं बालिका सुरक्षा विषय पर संवाद कर आवश्यक जानकारी प्रदान की। छात्राओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पॉस्को एक्ट, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, साइबर क्राइम और वन स्टॉप सेंटर की भूमिका के बारे में भी महत्यवूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया।

# उप जेल पवई में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

**पवई।** कानूनी अज्ञानता के कारण ही व्यक्ति सामाजिक गतिविधियों की ओर प्रेरित होता है जिस कारण कानून का उल्लंघन होता है इसलिए पिछले एक दशक से विधिक साक्षरता सेवा समिति द्वारा जन जागरूकता की दृष्टि से समय-समय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर व्यक्ति के अधिकारों एवं कानून की जानकारी दी जाती है उपरोक्त विचार गुरुवार को पवई उप जेल में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में माननीय अपर जिला सत्र न्यायाधीश नवनीत कुमार बलिया ने उपस्थित सैकड़ो कैदियों के बीच कहीं उन्होंने कहा कि कानून का ज्ञान न होने की वजह से व्यक्ति दिशाहीन होकर समाज विरोधी गतिविधियों में संलग्न हो जाता है माननीय न्यायाधीश ने कहा कि एक कैदी अपने घर परिवार से दूर रहता है और यही से उसे अपने आप को सुधारने का मौका मिलता है थोड़ा सा आक्रोश व्यक्ति का जीवन बर्बाद कर देता है इसलिए आगामी समय में ऐसे कार्य ना करें जिससे कि आप के आने वाले भविष्य को प्रभावित कर सके माननीय न्यायाधीश ने उपस्थित कैदियों से सीधे संवाद भी किया तथा उनकी समस्याओं को भी सुना तथा उनके संवैधानिक अधिकारों के बारे में विस्तार से समझाया।

# किसानों को दिया जाने वाला चने का बीज ब्लैक में बेंचा जा रहा

**पन्ना।** कृषि कार्यालय अजयगढ़ का एक वीडियों सोशल मीडिया में बायरल हो रहा है बताया जा रहा है कि जहां किसानों को सब्सिडी पर दिया जाने वाला चने का बीज सब्दुआ के एक ही व्यक्ति को ब्लैक में बेचे जाने की बात कही जा रही है वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि किस प्रकार बीच की बोरियां पिकअप वाहन में लोडकर ले जाए जा रहा है अब देखना यह होगा कि इस मामले में क्या कार्रवाई होती है क्योंकि पिकअप में ले जा रहे चने के बीज की बोरियां किसानों को सब्सिडी पर दिए जाने के बजाय ब्लैक किया जा रहा है यह पहली बार नहीं इससे पहले भी इस प्रकार हो चुका है और अधिकांश योजनाओं के माध्यम से आने वाला बीज एवं अन्य सामग्री इसी प्रकार ब्लैक कर दी जाती है लेकिन इस मामले को उठाने वाला कोई नहीं है। इसी प्रकार से यह मामला दम तोड़ रहा है वीडियो के वायरल होने से इस बार कार्रवाई की उम्मीद जगी है अब देखना यह होगा कि इस मामले में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कलेक्टर क्या कार्रवाई करते हैं।

# हाइवा की टक्कर से कार सवार पटवारी की मौत



**सतना।** रीवा रोड पर फ्लाई ओवर में तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कार सवार पटवारी की मौत हो गई, जिस पर अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। मृतक एक बरहों कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। पुलिस ने बताया कि बद्री प्रसाद मिश्रा पुत्र रामपवित्र मिश्रा (46) निवासी कोटर, हाल बदखर, 6 दिसंबर की रात को तकरीबन 1 बजे बरहों पार्टी में शिरकत करने के बाद अपनी कार से घर के लिए रवाना हो गए थे।

इस दौरान जैसे ही फ्लाई ओवर पर पहुंचे, तभी सामने से आए रहे हाइवा क्रमांक (एमपी 15 एचए 0605) ने कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ड्राइविंग कर रहे बद्री मिश्रा अंदर फंस गए, तो वहीं हाइवा के ड्राइवर साइड का अगला टायर भी अगल हो गया।

हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से भाग निकला, वहीं किसी ने यह खबर पुलिस और परिजनों तक पहुंचा दी, लिहाजा परिवार के लोग फौरन मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद घायल पटवारी को बाहर निकालकर आनन-फानन जिला चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

मूलत: कोटर निवासी बद्री मिश्रा वर्ष 2018 में भारतीय सेना की नौकरी से रिटायर हुए थे और इसके एक साल बाद ही पटवारी बन गए। परिवार में पत्नी, एक बेटा और बेटी है। उन्होंने बदखर में ही घर बना लिया था, फिलहाल दोनों बच्चे बाहर पढ़ते हैं, जो दुर्घटना की सूचना मिलते ही शनिवार सुबह सतना आ गए।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए परिजनों के सुपुर्द कर दिया है, तो वहीं हाइवा को कब्जे में लेकर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। वाहन में डस्ट लोड थी।

# आंगनबाड़ी में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**पन्ना।** वन स्टॉप सेंटर पन्ना के तत्वाधान में गत शनिवार को हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के तहत पन्ना शहर के वार्ड क्रमांक 12 स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं से घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन 181 एवं पुलिस सहायता पर जागरूकता संवाद कर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वन स्टॉप सेंटर की भूमिका के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ किरण खरे सहित पर्यवेक्षक अंजली गुप्ता, सेंटर की प्रशासक कविता पांडेय, महिला थाना में पदस्थ उप निरीक्षक सोनम शर्मा भी उपस्थित रहीं।

# 12 दिसम्बर तक मतदाता सूची में दर्ज कराएं नव मतदाताओं के नाम: कलेक्टर

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने 1 जनवरी 2025 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत समस्त पात्र छात्र-छात्राओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के निर्देश जारी किए हैं। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एवं समस्त शासकीय महाविद्यालय प्राचार्य को आगामी 12 दिसम्बर तक नव मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही 13 दिसम्बर तक समस्त विद्यार्थियों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत गत दिवस मुख्यमंत्री निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा की गई समीक्षा में पाया गया कि जिले में 18 वर्ष की आयु वाले नव मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में कम संख्या में शामिल किए गए हैं। इसके दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधितजनों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है।

